राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 274, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 17 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

जामिया की छात्रा नाजिया ने यूपीएससी में हासिल की 670वीं रैंक, चौथे प्रयास में पाई

.... पेज 03

दूसरे चरण में 46 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति, 91 में से 21 प्रत्याशी का क्रिमिनल रिकॉर्ड;

.... पेज 05

छक्के जड़ने में हैदराबाद के हैनरिक और चौकों में विराट है अव्वल

.... पेज 07

### मरम्मत कार्य



सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मी लाहौल और स्पीति जिले में भूस्खलन के बाद सिस्सू में बंद मनाली-लेह राजमार्ग पर मरम्मत कार्य करते हुए।

## आन्ध्र प्रदेश : सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

नेल्लोर। आन्ध्र प्रदेश में मंगलवार को चेन्नई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर कवाली मंडल के गौरवरम गांव में एक कार और लॉरी की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना आज उस वक्त हुयी, जब कार सवार यात्री एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए विजयवाड़ा जा रहे थे। उसी दौरान, उनकी कार एक खड़ी लॉरी से टकरा गई। इस हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गंता रामनम्मा,




दावुलुरी श्रीनिवासुलु, दावुलुरी वरलक्ष्मी, गंता नीलिमा और गंता नंदू के रूप में हुयी हैं। डीएसपी वेंकटरमना ने घटनास्थल का दौरा किया। मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों का पोस्टमार्टम के लिये कवाली में स्थित अस्पताल ले जाया गया।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सली मारे

### 27-27 लाख के दो इनामी मारे गए, 3 जवान घायल; साढ़े 5 घंटे चली मुठभेड़

कांकेर। लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कांकेर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव बरामद हो गए हैं। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने इसे बस्तर पुलिस का नक्सलवाद पर सर्जिक स्ट्राइक बताया है।

मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए हैं। इनमें 2 डीआरजी के जवान हैं। मौके से 5 एके-47 बरामद की गई। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया। डीआरजी का घायल जवान सूर्यवंशी श्रीमाली धमतरी जिले के नगरी का रहने वाला है।





#### 25 लाख का इनाम था शंकर पर

मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से 4 ऑटोमेटिक हथियार भी जब्त किए हैं।

#### कांकेर सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा

4 दिन बाद 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा में वोटिंग होनी है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए नामांकन फॉर्म भी भरे जा चुके हैं। कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ साढ़े 5 घंटे चली। डीआईजी इंटेलिजेंस आलोक कुमार सिंह ने बताया, पिछले कुछ दिनों से कांकेर इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट के इनपुट्स मिल रहे थे। इसके बाद पुलिस और क्र्स्न ने ऑपरेशन की तैयारी की। इसी के तहत आज का ऑपरेशन प्लान किया गया।

नक्सलियों को दोपहर करीब एक बजे घेर लिया गया। 2 बजे मुठभेड़ शुरू हुई और शाम को 7.30 बजे तक यह चली। इस दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के शव भी बरामद भी किए।

#### गांव-गांव में लग रहे नक्सलियों के पोस्टर

कबीरधाम जिले में नक्सलियों की सूचना देकर उन्हें पकड़वाने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है। एसपी अभिषेक पल्लव ने इनाम के साथ ही पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया है। सूचना देने के लिए एक हेल्प लाइन नंबर 78988 15399 भी जारी किया गया है। इसके लिए जवान गांव-गांव में नक्सलियों की तस्वीर वाली पोस्टर दीवारों पर लगा रहे हैं।

## शराब नीति केस में ईडी ने की 17वीं गिरफ्तारी

### गोवा चुनाव में आप का फंड मैनेज करने वाले को पकड़ा; रिश्वत के 45 करोड़ रुपए इलेक्शन में इस्तेमाल किए थे

नई दिल्ली। शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही ईडी ने एक और आरोपी को अरेस्ट किया है। उसकी पहचान चनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। चनप्रीत ने 2022 गोवा इलेक्शन में आम आदमी पार्टी का फंड मैनेज किया था। एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, चनप्रीत को 12 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था और अगले दिन उसे कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने चनप्रीत को 18 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी की इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, बीआसरएस नेता के. कविता और कई शराब बिजनेसमैन को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### चनप्रीत सिंह को पहले सीबीआई ने गिरफ्तार किया था

चनप्रीत सिंह को पहले इसी मामले में सयीबीआई ने गिरफ्तार किया था। शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सीबीआई की एफआईआर के बाद सामने आया था। ईडी ने कोर्ट में ऑफिशियल डॉक्यूमेंट दाखिल करके बताया कि चनप्रीत सिंह ने 2022 के गोवा इलेक्शन में कैंपेनिंग के लिए पार्टी फंड का इस्तेमाल किया।

#### रिश्वत के पैसे से इलेक्शन कैंपेनिंग का आरोप

एजेंसी का आरोप है कि साउथ ग्रुप - जिसमें के कविता, ओंगोल लोकसभा सीट से टीडीपी उम्मीदवार मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, उनके बेटे राघव मगुंटा, बिजनेसमैन सरथ चंद्र रेड्डी और अन्य शामिल हैं। इन लोगों ने दिल्ली में शराब के लाइसेंस के लिए आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी। ईडी ने दावा किया है कि रिश्वत के इन पैसों में से 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल आप ने अपने गोवा चुनाव अभियान के दौरान किया था।




## श्रीनगर नाव हादसा- 2 बच्चों समेत 6 लोगों की मौत

### झेलम में पलटी नाव, 15 लोग सवार थे; 6 को रेस्क्यू किया, 3 लापता



श्रीनगर। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को झेलम नदी में एक नाव पलट गई। श्रीनगर के जिला कलेक्टर ने बताया कि इस नाव पर 15 लोग सवार थे, इनमें 7 स्कूली बच्चे और 8 लोग शामिल थे। हादसे में 2 बच्चों समेत 6 लोगों की मौत हो गई है। 6 लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जबकि 3 लोग अब भी लापता हैं।

जिला कलेक्टर ने बताया कि हादसा सुबह 7: 45 बजे से 8 बजे के बीच हुआ। बारिश की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ गया था, जिसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया था। हालांकि, रात को बारिश रुकने के बाद जलस्तर कुछ कम हुआ था। SDRF, पुलिस और सेना सुबह से ही रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। फिलहाल लापता लोगों की तलाश की जा रही है।



#### चश्मदीद बोले- 15-20 लोग सवार थे

चश्मदीद ने बताया, नाव आधे रास्ते आई और रस्सी टूट गई। इसके बाद नाव एक एंगल से टकरा गई। इसके बाद जो लोग 15-20 लोग बैठे थे, वे डूब गए। हमने एक लड़की, 2 लड़कों को बचाया।

## भारतीय तटरक्षक ने समुद्र में फंसी नौका को बचाया

नयी दिल्ली। भारतीय तटरक्षक ने तकनीकी खराबी के कारण पिछले तीन दिनों से कारवाड़ के निकट समुद्र में फंसी मछली पकड़ने वाली एक नौका को सुरक्षित बचा लिया है। भारतीय तटरक्षक ने मंगलवार को यहां बताया कि उसे 13 अप्रैल को मछली पकड़ने वाली एक नौका रोजेरी से संदेश मिला कि कारवाड़ से 215 समुद्री मील दूर समुद्र में उसका इंजन खराब हो गया है। भारतीय तटरक्षक के पोत सावित्रीबाई फुले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समुद्र में प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद रोजेरी नौका से संपर्क साधा।

## पटना में अनियंत्रित ऑटो क्रेन से टकराया..7 की मौत

### रेलवे स्टेशन से बस पकड़ने जा रहे थे जीरो माइल; मरने वालों में एक बच्चा भी

पटना। पटना में मंगलवार सुबह यात्रियों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, फिर मेट्रो के काम में लगी क्रेन से टकरा गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है। एक घायल है। जिसकी स्थिति गंभीर बनी है। मरने वालों में एक 5 साल का बच्चा भी है। उसके पिता की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

हादसा इतना भयानक था कि क्रेन से टकराते ही मौके पर 4 लोगों ने दम तोड़ दिया। 3 लोगों की मौत अस्पताल में हुई। हादसा सुबह करीब पौने 4 बजे कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर हुआ। बताया जा रहा है कि सभी लोग रेलवे स्टेशन से बस पकड़ने के लिए ऑटो से निकले थे। ऑटो सुबह करीब 3 बजकर 44 मिनट पर मीठापुर से जीरोमाइल की तरफ जा रहा था। मेट्रो के काम के लिए क्रेन पिलर्स उठा रही थी। मृतकों में 3 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा है। सभी रोहतास, नेपाल, मुजफ्फरपुर, मधुबनी और वैशाली के रहने वाले थे। 7 मृतकों के शव को PMCH में पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया है। पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर पुलिस



पहुंची है और मामले की जांच में जुटी है।

मरने वालों में मोतिहारी के मुकेश कुमार सहनी का 5 साल का बेटा अभिनंदन कुमार, लक्ष्मण दास, जनकपुरधाम, नेपाल और रोहतास के उपेन्द्र कुमार बैठा (38), पिता रामाशीष बैठा शामिल हैं।

#### 32 साल की शिक्षक नेहा की भी हादसे में मौत

वैशाली के राजापाकर की रहने वाली नेहा कुमारी (32) नालंदा के इस्लामपुर में शिक्षक के रूप में तैनात थी। हादसे में उनकी भी मौत हुई है। नेहा की बड़ी बहन पूजा कुमारी पटना के बेउर थाने में दारोगा के पद पर तैनात हैं। फिलहाल नेहा PMCH पहुंची हैं। बार-बार बेहोश हो जा रही हैं।

#### सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा

हादसा रामलखन पथ की एक दुकान के सीसीटीवी में कैद हुआ है। इसमें दिख रहा है कि सड़क पर क्रेन मेट्रो के पिलर्स उठा रही है। गाड़ियां वहां से गुजर रही हैं। थोड़ी देर में एक ऑटो आता है और क्रेन से टकरा जाता है।

## चुनाव में मतपत्र, 100 फीसदी वीवीपैट पर्ची की गिनती बड़ी चुनौती

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्ची की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने को मंगलवार को अव्यवहारिक होने का संकेत दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के



दौरान 1960 के दशक में मतपत्रों से चुनाव के दौर को याद किया और कहा कि देश में फिलहाल मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है। ऐसे में पुरानी मतपत्र या वीवीपैट की 100 फीसदी की गिनती व्यवस्था से चुनाव कराना बहुत बड़ी चुनौती वाल कार्य होगा है। उन्होंने कहा, 60 के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था, आप (अधिवक्ता प्रशांत भूषण) भी जानते होंगे। एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा अदालत बूथ कब्जा की घटनाओं का जिक्र कर रही थी।

इस पर पीठ ने कहा,हम इसमें नहीं पड़ना चाहते। हम सभी मतपत्र प्रणाली की कमियां जानते हैं। भूषण ने कहा कि हेरफेर की आशंका के कारण अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। उन्होंने दावा किया कि चूंकि ईवीएमएस में लगे चिप्स का स्रोत कोड नहीं दिखाया जाता। इस वजह से उस पर अधिक संदेह पैदा हुआ। उन्होंने ईवीएम के इस्तेमाल और मतपत्रों की वापसी के खिलाफ जर्मनी की संवैधानिक अदालत के फैसले का जिक्र किया, तो पीठ ने कहा हमारे देश की तुलना किसी भी यूरोपीय देश से नहीं की जा सकती।

## प्रशासनिक सेवाओं के परीक्षा परिणाम घोषित, आदित्य श्रीवास्तव पहले स्थान पर

नयी दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग की वर्ष 2023 की भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव को पहला स्थान हासिल हुआ है। आयोग ने मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित किये, जिसमें दूसरा स्थान अनिमेष प्रधान और तीसरा स्थान दोनुरू अनन्या रेड्डी को मिला। आयोग की ओर से जारी 1016 सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी है, इसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, केन्द्रीय सेवाओं और समूह क और ख की सेवाओं के लिये चयनित अभ्यर्थियों के नाम हैं। सफल अभ्यर्थियों में 347 सामान्य वर्ग के, 115 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के, 303 अन्य पिछड़ा वर्ग, 165 अनुसूचित जाति और 86 अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। इनमें से 180 का चयन प्रशासनिक सेवा के लिये, 37 विदेश सेवा, 200 पुलिस सेवा और 600 समूह क की सेवाओं के लिये और 113 अभ्यर्थी समूह ख की सेवा के लिये चुने गये हैं। आयोग ने इसके अलावा 240 अभ्यर्थियों की एक आरक्षित सूची भी तैयार की है, जो एक समेकित सूची है।

### माफी

### रामदेव बोले- काम के उत्साह में ऐसा हो गया, कोर्ट ने कहा- आप इतने मासूम नहीं हैं

## विज्ञापन केस- पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट में फिर माफी मांगी

नई दिल्ली। पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए।

बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हमें पछतावा है। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं।

कोर्ट ने कहा- हम बाबा रामदेव को सुनना चाहते हैं।

जस्टिस कोहली ने कहा- आपने (रामदेव) योग के लिए बहुत कुछ



किया है। आपका सम्मान है, लेकिन आपने ये जो स्टेटमेंट दिया है- परम आदरणीय जज साहिब महोदया। अनकंडीशनली जो भी हमसे हुई हम अपोलोजाइज किए हैं।

जिस चीज का आप प्रचार कर रहे हैं, हमारी संस्कृति में ऐसी कई चीजें हैं। लोग सिर्फ ऐलोपैथी नहीं, घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल कर रहे हैं। नानी के नुस्खे भी। आप अपनी पद्धतियों के लिए दूसरों (एलोपैथी) को गलत क्यों बता रहे हैं।

रामदेव ने कहा- किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था। आयुर्वेद को रिसर्च बेस्ड एविडेंस के लिए तथ्य पर लाने के लिए पतंजलि ने प्रयास किए हैं। आगे से इसके प्रति जागरूक रहूंगा। कार्य के उत्साह में ऐसा हो गया। आगे से नहीं होगा।

इस पर कोर्ट ने कहा- आप इतने मासूम नहीं हैं। ऐसा लग नहीं रहा है कि कोई हृदय परिवर्तन हुआ हो। अभी भी आप अपनी बात पर अड़े हैं। आपको सात दिन का समय देते है। हम इस मामले को 23 अप्रैल को देखेंगे। आप दोनों (रामदेव-बालकृष्ण) उस दिन भी कोर्ट में मौजूद रहें।

पतंजलि ने 2 और 9 अप्रैल को भी माफी मांगी, कोर्ट ने कहा- ये सिर्फ खानापूर्ति है बाबा रामदेव की तरफ से 2 अप्रैल को जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में माफीनामा दिया गया था। बेंच ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा था कि ये माफीनामा सिर्फ खानापूर्ति के लिए है। आपके अंदर माफी का भाव नहीं दिख रहा। इसके बाद कोर्ट ने 10 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की थी। 10 अप्रैल की सुनवाई से ठीक एक दिन पहले (9 अप्रैल को) बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने नया एफिडेविट फाइल किया।

## सलमान के घर फायरिंग के आरोपी रिमांड पर

### उन्हीं के फार्म हाउस के पास ठहरे थे

मुंबई। एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने सोमवार देर रात गुजरात के भुज से अरेस्ट किया था। उन्हें मंगलवार दोपहर मुंबई लाया गया।

पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों की पहचान विक्की गुप्ता और सागर पाल के तौर पर हुई है, जो बिहार के रहने वाले हैं। इन्होंने सलमान के घर की तीन रेकी की थीं और पांच राउंड फायर किए थे। आरोपियों ने जिस पिस्तौल से फायरिंग की थी, उसे रिकवर नहीं किया जा सका है।



पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपी सलमान के पनवेल वाले फार्म हाउस से 10 किमी दूर रुके थे। पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसने एक फेसबुक पोस्ट में इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी। इससे पहले भी लॉरेंस गैंग ने कई बार सलमान को धमकी दी है।



इन दोनों आरोपियों ने सलमान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने 14 अप्रैल की सुबह 5 बजे फायरिंग की थी।

दोनों बाइक पर सवार होकर आए और 5 राउंड फायर किए। फायरिंग के वक्त सलमान अपने घर में ही थे। घटना के बाद सलमान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

## शार्ट न्यूज

### कश्मीरी नेताओं ने चुनाव प्रचार रद्द किया

श्रीनगर। कश्मीर में मुख्यधारा के कई राजनेताओं ने श्रीनगर नाव त्रासदी के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और श्रीनगर लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार रूहुल्लाह मेहदी ने घोषणा की कि वह दो दिनों तक चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। बडगाम के एक प्रभावशाली शिया नेता रुहुल्ला ने एक्स पर पोस्ट किया,आज हम सभी के लिए और बटवारा में अपनी जान गंवाने वाले बच्चों के शोक संतप्त परिवारों के वास्ते यह एक दुखद दिन है। मैंने आज और कल के लिए अपने सभी प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिये। सज्जाद लोन की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने पार्टी कैडरों और नेताओं से चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों को निलंबित करने को कहा। जेकेपीसी ने एक्स पर पोस्ट किया,आज नाव पलटने की त्रासदी से प्रभावित परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए, जेकेपीसी कैडरों और नेताओं को चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों को निलंबित करने का निर्देश दिया जाता है। हमारी संवेदनाएं इस क्षति को सहने वालों के साथ हैं। हम प्रभावित परिवारों के समर्थन और एकजुटता के साथ खड़े हैं। श्री अल्ताफ बुखारी की अध्यक्षता वाली अपनी पार्टी ने कहा कि आज घाटी में कहीं भी कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं होगी।

### संविधान में कोई बदलाव नहीं होगा : देवेगौड़ा

तुमकूर। जनता दल (एस) (जदएस) सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 400 सीटें मिलने पर भी संविधान में कोई संशोधन नहीं होगा। देवेगौड़ा ने यहां पत्रकारों को कहा प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि संविधान में बदलाव का कोई प्रश्न ही नहीं है, मोदी ने स्पष्ट किया कि अगर अम्बेडकर का पुर्नजन्म भी हुआ तो भी वह इसे बदलने पर विचार नहीं कर करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की पूरे देश में सीमित उपस्थिति पर भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार केवल कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना तक सीमित है। उन्होंने भाजपा जेडीएस के गठबंधन पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें कोई ताकत नहीं हरा सकती। जदएस सुप्रीमों के पुत्र एचडी कुमारस्वामी ने मांडया लोकसभा क्षेत्र से अपना नामाकंन भरा है। वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ रहे है। निर्दलीय उम्मीदवार सुमलथा अबंरीश ने 2019 के चुनावों में मांड्या लोकसभा सीट पर जेडीएस नेता निखिल कुमारस्वामी को हराया था।

### उत्तराखंड में 16 करोड़ से अधिक के सामान जब्त

देहरादून। उत्तराखंड में लोक सभा चुनाव में इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के अन्तर्गत, 16 मार्च से अब तक एक माह में कुल 16 करोड़ पांच लाख मूल्य के सामानों की जब्ती हुई है। इसमें से पांच करोड़ 70 लाख कैश, एनडीपीएस और नारकोटिक्स के तहत तीन करोड़ 99 लाख,दो करोड़ 93 लाख मूल्य की शराब और तीन करोड़ 26 लाख मूल्य की सोना, चांदी और अन्य कीमती वस्तुओं की जब्ती की गई है। मंगलवार को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरिद्वार जनपद में सबसे अधिक 08 करोड़, 43 लाख की जब्ती हुई है, जबकि नैनीताल जनपद में 01 करोड़ 83 लाख एवं देहरादून जनपद में 01 करोड़ 58 लाख मूल्य की जब्ती हुई है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक जब्ती पुलिस विभाग द्वारा और उसके बाद आयकर विभाग एवं आबकारी विभाग द्वारा किया गया है। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2019 में राज्य में 08 करोड़ 81 लाख मूल्य की जब्ती हुई थी। जोगदंडे ने कहा कि आज उत्तरकाशी जनपद से 11 पोलिंग पार्टियां एवं पिथौरागढ़ जनपद से एक पोलिंग पार्टी मतदेय स्थल के लिए रवाना हो गई हैं।

### आप के पंजाब में चार उम्मीदवारों की घोषणा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब में लोकसभा के लिये मंगलवार को चार सीटों के लिये अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने गुरदासपुर, लुधियाना और फिरोजपुर में मौजूदा विधायकों को मैदान में उतारने का फैसला किया है। मुक्तसर के विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ को फिरोजपुर से, बटाला के विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी को गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र से और लुधियाना सेंट्रल के विधायक अशोक पराशर पप्पी को लुधियाना से उम्मीदवार बनाया है। वहीं कुछ दिन पहले अकाली दल छोड़कर आप में शामिल हुए पवन कुमार टीनू को जालंधर से टिकट मिला है। पिछली दो सूचियों में पार्टी ने पहले ही नौ लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। आप सरकार के पांच कैबिनेट मंत्री पंजाब में चुनाव लड़ रहे हैं। संगरूर से गुरुमीत सिंह मीत हेयर, बठिंडा से गुरुमीत सिंह खुड्डियां, अमृतसर से कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब से लालजीत सिंह भुल्लर और पटियाला से डॉ. बलबीर सिंह मैदान में हैं।

### भागलपुर में किसान की गोली मारकर हत्या

भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के बाथ थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने आज दिनदहाड़े एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी मुकेश कुमार मंडल चचेरे भाई कारेलाल मंडल के साथ अपने बहियार (खेत) में काम कर रहा था, तभी चार - पांच की संख्या में अपराधी पहुंचे और दोनों पर गोलियों की बौछार करते हुए भाग निकला। सूत्रों ने बताया कि हमले में मुकेश कुमार मंडल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कारेलाल मंडल को ग्रामीणों के सहयोग से सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल लाया गया। बाद में उसे गंभीर हालत में भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हत्या का कारण जमीन संबंधी विवाद बताया जा रहा है। इस सिलसिले में पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर एक नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अपराधियों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

### कांग्रेस एवं गहलोत ने वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को किया गुमराह : सीतारमण

जयपुर। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव के लिए जारी संकल्प पत्र को विकसित भारत 2047 का विजन पत्र बताया वहीं कांग्रेस और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर चुनाव के समय वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां प्रेस वार्ता में कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने सौ दिन की कार्य योजना पर काम करते हुए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) और पीकेसी लिंक योजना समझौता किया जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जल की भारी किल्लत होने के बावजूद इस महत्वपूर्ण योजना को लटकाए रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चाहे मुख्यमंत्री कोई हो, वह पानी के लिए गंभीर होता हैं लेकिन गहलोत ऐसे मुख्यमंत्री हुए जिन्होंने पानी जैसे महत्वपूर्ण विषय को गंभीरता से नहीं लिया और ईआरसीपी में रुकावट डालने का काम किया।

### मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र से तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र से आज तीन प्रमुख दलों के उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी अंकित अस्थाना के अनुसार आज 16 अप्रैल को शिवमंगल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। इनके अलावा सत्यपाल सिंह ने इंडियन नेशनल कॉग्रेंस पार्टी और रमेश चन्द्र गर्ग ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरे। नामांकन के लिए अब दो दिन शेष बचे हैं। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक अब 18 व 19 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें। शासकीय अवकाश होने की वजह से 17 अप्रैल को नामांकन का सिलसिला बंद रहेगा। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी। 22 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

# करोड़ो खर्च करने के बाद भी 26 किमी लंबे एक्सप्रेसवे का काम अधूरा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो प्राधिकरण की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल 26 किमी लंबे और 105 मीटर चौड़े एक्सप्रेसवे पर 12 साल पहले 1,200 करोड़ रुपये खर्च करके भी जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल सका है। एक्सप्रेसवे पूरा होने से 50 से अधिक गांवों के एक लाख से अधिक लोगों को फायदा मिलेगा, साथ ही परी चौक से लेकर हापुड़ तक सफर कम समय में पूरा होगा। 12 साल में जमीन खरीदने के बाद प्राधिकरण इस परियोजना को एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पाया है। इसके अलावा बोड़ाकी में बनने वाला फ्लाईओवर का काम भी काफी समय से रुका है।



परी चौक से अल्फा, डेल्टा सेक्टर और गोल्फ कोर्स के सामने से 105 मीटर चौड़ा यह एक्सप्रेसवे जा रहा है। ग्रेनो प्राधिकरण ने एक्सप्रेसवे को साल 2011-12 में हापुड़ से जोड़ने के लिए 12 से अधिक गांवों को शामिल करते करीब 26 किमी लंबा मार्ग बनाने की योजना बनाई थी। हापुड़ और एनएच-24 से गढ़, ब्रजघाट, गजरौला व मुरादाबाद के लिए रास्ता सुगम होना था। इसके तहत जुनपत, बोड़ाकी, बील, अकबरपुर, आनंदपुर, उपरालसी और जारचा समेत 12 से अधिक गांवों के किसानों से सीधे जमीन खरीदी गई। इस पर 1200 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

#### साल-2015 तक हापुड़ तक करना था एक्सप्रेसवे का निर्माण

ग्रेनो प्राधिकरण 105 मीटर चौड़े एक्सप्रेसवे को बनाने का लक्ष्य दिसंबर 2015 तक रखा गया था। इससे हापुड़ और एनएच-24 से गढ़, ब्रजघाट, गजरौला और मुरादाबाद शहरों के लिए आवागमन सुगम हो जाता। इस एक्सप्रेसवे के दोनों ओर स्कूल, अस्पताल, औद्योगिक सेक्टर और आवासीय सेक्टर बसाए जाने हैं। इस पर दोनों तरफ रेजिडेंशियल स्कीम और इंडस्ट्री के सेक्टर बसाए जाएंगे।

#### असंल बिल्डर को बनानी है सड़क

ग्रेनो प्राधिकरण ने एक्सप्रेसवे को हापुड़ तक जोड़ने के लिए योजना बनाई थी, लेकिन अंसल के साथ करार किया था कि रेलवे पर फ्लाईओवर बनाने के बाद अपने क्षेत्र में जीटी रोड तक बिल्डर को सड़क बनाना होगा। अंसल बिल्डर ने भी उक्त जमीन को किसानों से खरीद रखा है। काफी हद तक जमीन अंसल के कब्जे में भी है, लेकिन सड़क का आज तक निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

## नोएडा में दो चोर गिरफ्तार

### बाजार और भीड़ वाले इलाके से रेकी कर गाड़ियां चुराते थे



**नोएडा।** नोएडा के भंगेल बाजार से पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। वे रेकी कर वाहन चुराते थे। उसके बाद उसे मनमाने दाम पर बेचते थे। पकड़े गये बदमाशों की पहचान मोहम्मद समीर और समीर खान के रूप में हुई है। उनके पास से 10 गाड़ियां बरामद हुई है।

#### बाजार और भीड़ भाड वाले स्थानों से गाड़ियां चुराते थे

डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि ये लोग ऑन डिमांड बाइक और स्कूटी की चोरी करते थे। इसके लिए पहले दिन वे बाजार और अन्य स्थानों पर बाइक और स्कूटी की रेकी करते थे। इसके बाद चोरी की घटना करते थे। इसके बाद उन्हें खाली प्लाट या जिस व्यक्ति से डिमांड आती थी वहां पहुंचा देते थे। यही नहीं बाइक और स्कूटी के पार्टस कबाड़ी को बेचकर फरार हो जाते थे। ये चोरी की बाइक से ही रेकी करते थी। ताकि यदि किसी को शक हो पकड़ने का प्रयास करे तो बाइक छोड़कर भाग सके।

दोनों से पूछताछ की गई। इन दोनों ने अधिकतर चोरी की घटनाएं दिल्ली के शाहीन बाग, बदरपुर, वैल्कम, गाजियाबाद में की है। नोएडा में हाल ही में ये दोनों सक्रिय हुए थे। मुखबिर से जानकारी मिलने पर इन दोनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में बताया कि बार्डर के एरिया में चोरी करने की वजह ये थी चोरी करने के बाद ये बार्डर पार कर लेते थे। जिससे पुलिस को चकमा दे सके।

# नोएडा के सेक्टर-126 में चलाया अभियान

### 278 गाड़ियों के चालान, 16 को किया गया सीज

एजेंसी

नोएडा। सेक्टर-126 के आस-पास आए दिन मारपीट के वीडियो वायरल होने की घटनाएं सामने आ रही थी। इसके अलावा यहां अवैध ढाबा, स्नूकर, अवैध हुक्का के अलावा तमाम असंवैधानिक गतिविधियों का चलन बढ़ रहा था। जिसकी शिकायत लगातार पुलिस को मिल रही थी। जिसको देखते हुए एडसीसीपी मनीष मिश्रा और एसीपी प्रवीण सिंह की अगुआई में बड़े स्तर पर अभियान चलाया गया।

से अभियान यहां बनी एक निजी यूनिवर्सिटी के आस-पास चलाया गया। अभियान के दौरान 278 गाड़ियों के चालान व 16 गाडियों को टो किया गया।

सभी वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि वह यातायात नियमों का पालन करे। उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। पुलिस टीम द्वारा आस-पास के क्षेत्र में पे ट्रोलिंग करते हुए संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों व्यक्तियों की तलाशी भी ली गई। एडीसीपी ने बताया कि यहां बने अवैध ढाबों को बंद कराया गया। रेहड़ी पटरी को हटाया गया। हुक्का बेचने वालों को हटाया गया।

इन्ही सबकी वजह से बाहरी लोगों का यहां आना शुरू हो गया था। इस कारण ही यहां मारपीट की घटनाएं बढ़ रही थी।


यहां पर कई लोगों ने किराए पर कमरा लेकर उसमें स्नूकर आदि शुरू किया था। जिसको भी बंद कराया गया। वहीं ढाबा और दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि इस प्रकार की अनैतिक गतिविधियां यहां नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा। ताकि इस तरह की अनैतिक गतिविधियां यहां संचालित नहीं हो सके।

# युवक की मौत के 11 महीने बाद केस दर्ज

### नोएडा के स्कूल में स्विमिंग पूल में डूबने से हुई थी मौत, समुद्र में तैराकी कर चुका था





**नोएडा।** नोएडा में करीब 11 महीने पहले एपीजे स्कूल के स्विमिंग पूल में 33 साल के निशांत कुमार की मौत हो गई थी। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में उसके पिता ने अब गैर इरादतन हत्या का मुकदमा सेक्टर-20 थाने में दर्ज कराया है। अदालत के आदेश पर केस दर्ज हुआ है।

हालांकि पिता ने केस में किसी को नामजद नहीं किया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पिता का आरोप है कि कई लोगों की लापरवाही से उसके बेटे की मौत हुई है।

#### सीए था निशांत कुमार

शिकायत में बिहार के छपरा के जय प्रकाश ने बताया कि उसका बड़ा बेटा निशांत कुमार (33 साल) सेक्टर-44 के न्यू कॉमर्शियल बिल्डिंग में रहता था।

ग्रेटर कैलाश स्थित एक नामी कंपनी में सीए के पद पर तैनात था। निशांत 22 जून 2023 को सुबह छह बजे के करीब फिस्टो स्विमिंग में गया। उसकी सदस्यता संख्या 201301 थी। फिस्टो स्विमिंग की ओर से सेक्टर-46 स्थित एपीजे स्कूल के स्विमिंग पूल में तैराकी कराई जाती है। निशांत की यहीं पर तीन फीट गहरे पानी में डूबने से मौत हुई।

#### सुबह 5 बजे अनजान व्यक्ति की कॉल आई थी

पिता जय प्रकाश के मुताबिक, यह बात जब उसे पता चली तो उसे विश्वास नहीं हुआ। हादसे के एक दिन पहले निशांत ने परिजनों से रात 09:37 बजे 36 मिनट बात की। इस दौरान निशांत ने परिजनों से बताया कि वह पूरी तरह से फिट है। अगले दिन सुबह पांच बजे के करीब अनजान व्यक्ति की कॉल निशांत के पास आई और वह छह बजे स्विमिंग पूल चला गया, जहां उसकी मौत हो गई। उसकी मौत निजी अस्पताल ले जाने के पहले ही हो चुकी थी।

#### पिता बोले- मेरा बेटा कई बार समुद्र में तैराकी कर चुका है

गौतमबुद्धनगर में ही निशांत का पोस्टमॉर्टम हुआ और गृह जनपद में उसका अंतिम संस्कार किया गया था। युवक की मां बेटे की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं और बीमार रहने लगी। मृतक युवक के पिता का दावा है कि उसका बेटा एक शौकिया तैराक था। वह समुद्र में भी कई बार तैराकी कर चुका था। ऐसे में महज तीन से चार फीट पानी में डूबने से उसकी मौत का होना कई शंकाओं को जन्म दे रहा है। आरोप है कि स्विमिंग पूल का वीडियो प्राप्त करने के लिए परिजनों ने कई बार एपीजे स्कूल प्रबंधन से संपर्क किया गया पर अभी तक वीडियो उपलब्ध कराया नहीं गया है। बेटे की मौत को लेकर शिकायतकर्ता ने स्थानीय थाने में भी शिकायत की थी पर कोई सुनवाई नहीं हुई थी। ऐसे में उसने अदालत की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर अब केस दर्ज हुआ है।

# नोएडा एयरपोर्ट तक ईंधन की पाइप लाइन बिछेगी

ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टैंक फार्म तक 34 किलोमीटर लंबी विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) पाइपलाइन बिछाई जाएगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बीच इसको लेकर समझौता हुआ। पाइपलाइन कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए एयरपोर्ट की एटीएफ मांग को पूरा करेगी। सितंबर अंत तक एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान प्रस्तावित है। ऐसे में कार्यों को गति दी जा रही है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड अपने पियाला टर्मिनल से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टैंक फार्म तक पाइपलाइन बिछाएगा। बीपीसीएल का पियाला टर्मिनल हरियाणा के फरीदाबाद में है। यह पाइपलाइन 34 किलोमीटर की होगी और एयरपोर्ट परिसर के भीतर 1.2 किलोमीटर लंबी होगी। पाइपलाइन के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकेगा, जिससे पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होगा। यह लाइन पूरी तरह भूमिगत होगी, जो ईंधन प्राप्ति की प्रक्रिया को आसान बनाएगी। इससे टैंकरों की आवाजाही बंद होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

बीपीसीएल के निदेशक (विपणन) सुखमल जैन ने कहा कि कंपनी भारत में हवाई अड्डों और संबद्ध बुनियादी ढांचे पर एटीएफ सुविधाएं स्थापित करने में आगे रही है। बीपीसीएल सड़क के जरिये के ईंधन परिवहन को कम कर कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने को लेकर प्रतिबद्ध है। हवाई अड्डे की मुख्य परिचालन अधिकारी किरण जैन ने कहा यह कदम कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा।

### बुजुर्ग और युवक के बीच मारपीट

नोएडा। फेज-2 में बुजुर्ग और युवक के बीच मारपीट हुई। बताया जा रहा है कि दोनों पिता-पुत्र हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने मामले में संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल 40 सेकेंड के वीडियो में मूंगफली के ठेले के पास एक बुजुर्ग डंडे से 20 वर्षीय युवक को सड़क पर पीटता दिख रहा है। युवक अपना बचाव करने के लिए आरोपी व्यक्ति से भिड़ता नजर रहा है। कुछ देर बाद आरोपी व्यक्ति ठेले में रखा डंडा निकालकर युवक को मारता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि घटना फेज दो क्षेत्र की है। मारपीट कर रहे दोनों लोग रिश्ते में पिता-पुत्र हैं। उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद पिता ने ठेले से डंडा निकाला और अपने बेटे को मारना शुरू कर दिया। लोगों ने मामले में कमिश्नरेट पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की।

### महबूबा मुफ्ती ने किया चुनाव प्रचार का शंखनाद

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार का शंखनाद किया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में सात मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। मुफ्ती का मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार एवं गुज्जर नेता मियां अल्ताफ से है। पीडीपी अध्यक्ष ने आज वाची ज़ैनपोरा शोपियां से रोड शो शुरू किया, जिनके साथ श्रीनगर लोकसभा उम्मीदवार वहीद पारा सहित पार्टी नेता भी थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूरे कश्मीर को जेल में बदल दिया गया है और चुनाव की घोषणा के साथ ही गिरफ्तारियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा,संसदीय चुनाव से पहले सैकड़ों युवाओं को गिरफ्तार किया जा रहा है और उनके खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। हाल ही में शोपियां इलाके में आतंकवादियों ने एक टूरिस्ट गाइड को गोली मारकर घायल कर दिया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सुरक्षा बल सैकड़ों युवाओं को पकड़ लेंगे और उन पर पीएसए के तहत मामला दर्ज करेंगे।

## सम्राट अशोक जयंती समारोह 2024 की तैयारी पर हुई समीक्षा बैठक

### अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज(भारत) आयोजित करेगी सम्राट अशोक जयंती 2024 सह सम्राट अशोक रत्न अवार्ड

**पटना।** बिहार 16 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को महान सम्राट अशोक की 2368 वीं जयंती समारोह सह सम्राट अशोक रत्न अवार्ड कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक गौतम बुद्ध विहार ,दरोगा राय पथ, पटना-1 में आयोजित हुई।

बैठक में कार्यक्रम की चर्चा की गई।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने कहा की 2009 से लगातार सम्राट अशोक की जयंती समारोह आयोजित कर रहे है।

इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिले से आए हुए लोग जो समाज सेवा,शिक्षा, चिकित्सा ,अनुसंधान, कृषि एवं अन्य में विशेष योगदान रखने वाले को सम्राट अशोक रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आयोजित समारोह में उनकी नीतियों और सिद्धांतों पर बातचीत होगी साथ ही विश्व को उन्होंने जो दर्शन दिया था उस पर चर्चा की जाएगी। हरिओम कुशवाहा ने बताया कि समारोह में प्रदेश भर से बड़ी तादाद में लोग हिस्सा लेंगे। इस मौके पर श्रीनाथ सिंह बौद्ध,डॉ कमल प्रसाद बौद्ध, राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार समेत संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा ने ओडिशा में विसभ सीटों के लिए 21 और उम्मीदवारों की घोषणा की

एजेंसी

भुवनेश्वर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुभवी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप रे को भाजपा ने राउरकेला विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकित किया है, जहां से वह पहले तीन बार जीत चुके हैं।

मंगलवार को दूसरे चरण में भाजपा की ओर से जारी ओडिशा की विधानसभा सीटों के लिए 21 उम्मीदवारों की सूची में श्री दिलीप का नाम शामिल है।

पहले चरण में पार्टी ने 112 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे।

पार्टी एक दो दिनों में शेष 16 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम जारी कर सकती है क्योंकि पार्टी ने पहले चरण में जारी रणपुर और पटांगी विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों को बदल दिया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से हाल ही में छह अक्टूबर, 2020 को विशेष सीबीआई अदालत द्वारा श्री दिलीप की सजा पर रोक लगाने के बाद भाजपा ने दिलीप रे को मैदान में उतारा।

वर्ष 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में तत्कालीन केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री दिलीप को कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए दोषी ठहराया गया था और तीन साल की कैद एवं जुर्माने की सजा सुनाई गई थी।

ट्रायल कोर्ट ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 409 और 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(सी) या 13(1)(डी) के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया था।

दिलीप ने दोषसिद्धि पर रोक लगाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है ताकि वह आगामी चुनाव लड़ सकें।

दिलीप जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में राउरकेला निर्वाचन क्षेत्र (1985-90) से विधायक चुने गए और वर्ष 1990 में जनता दल के उम्मीदवार के रूप में फिर से चुने गए। वर्ष 2014 के चुनाव में वह फिर से भाजपा के टिकट पर राउरकेला विधानसभा सीट से चुने गए।

उन्होंने बीजू पटनायक के नेतृत्व वाली जनता दल सरकार (1990-95) में उद्योग मंत्री के रूप में कार्य किया। श्री दिलीप को लगातार दो बार (1996-2002 और 2002-2008) उच्च सदन के लिए नामांकित किया गया था।

भाजपा ने अमरेंद्र दास और कैलाश कुलेसिका को नामांकित किया है, जो बीजद से इस्तीफा देकर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं, उन्हें क्रमश: जगतसिंहपुर और लक्ष्मीपुर (एसटी) विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

## मिजोरम ने नौकरी भर्ती में कदाचार की जांच शुरु की

आईजोल। मिजोरम सरकार ने संयुक्त सिविल सेवा परीक्षाओं के संचालन और मिजोरम लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) द्वारा राज्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के तहत अधिकारियों की भर्ती में कदाचार और अनुचित साधनों के आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी माइकल लालमनजुआला को नियुक्त किया।

मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने उत्तरपूर्वी ख्वाजावल जिले में आयोजित जनसभा में राज्य सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि जांच का आधिकारिक तौर पर सोमवार को आदेश दिया गया था।

उन्होंने कहा कि हाल ही में जब छात्र नेताओं ने उनसे मुलाकात की तो उन्होंने ये आरोप लगाए।

लालडुहोमा ने कहा,इस तरह के गंभीर आरोपों की जांच की जानी चाहिए और सच्चाई का पता लगाना चाहिए। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव, जो एमपीएससी के पूर्व सदस्य भी हैं, को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए सात दिन का समय दिया गया।

## शार्ट न्यूज


### जामिया की छात्रा नाजिया ने यूपीएससी में हासिल की 670वीं रैंक, चौथे प्रयास में पाई कामयाबी

दिल्ली। जामिया मिलिया इस्लामिया की छात्रा नाजिया परवीन ने यूपीएससी 2023 परीक्षा में 670वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह मेरा चौथा प्रयास था, मैं पिछले तीन प्रयासों में सफल नहीं हो सकी थी। नाजिया ने अपनी सफलता को लेकर कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। आपको उम्मीद नहीं खोनी चाहिए। तुम्हें अपनी गलतियों से सीखना चाहिए और उन्हें दुरुस्त करना चाहिए। नाजिया ने कहा कि परिजनों और दोस्तों का शुक्रिया करना चाहती हूं। उन्होंने मेरे इस सफर में मेरा भरपूर साथ दिया। यूपीएससी में प्रयास करना है यह ग्रेजुएशन से पहले ही तय कर लिया था। 2021 में जामिया आ गई थी। नाजिया ने एएमयू (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी) से बीकॉम में ग्रेजुएशन किया है। इसके के बाद प्राइवेट सेक्टर में नौकरी की, फिर नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी शुरू की।

### दिल्ली में ताबड़तोड़ फायरिंग : पुलिस के एक एएसआई की मौत, एक शख्स घायल

दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में मंगलवार सुबह एक सिरफिरे ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगने से दिल्ली पुलिस के एक एएसआई दिनेश शर्मा की मौत हो गई, वहीं अमित नाम का एक शख्स घायल हो गया। आरोपी ने बाद में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अभी इस पूरे मामले की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, घटना को अंजाम देकर आरोपी ने ऑटो से भागने की कोशिश की। चालक के विरोध करने पर आरोपी ने उसपर गोली चला दी। चालक ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। उसके बाद आरोपी ने ऑटो में खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। आरोपी की पहचान नंदनगरी झुग्गी निवासी मुकेश के रूप में हुई है। पुलिस हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी बने डॉ. वेद टंडन



नई दिल्ली। जाने माने शिक्षाविद और कमल, वंदना, गुरुग्राम ट्रिनिटी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इस्टिट्यूट दिल्ली-एनसीआर के चेयरमैन एवं अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश का शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रभारी मनोनीत किया गया है। मंगलवार को इस बाबत जानकारी देते हुए भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उन्होंने कहा कि मुझे आशा नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि डॉ. वेद टंडन पार्टी के हित में अनवरत कार्य करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे।

### आठवीं मंजिल से गिरी बीएससी की छात्रा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र की पंचशील प्राइम रोज सोसायटी की आठवीं मंजिल से बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा नीचे गिर गई। परिजन आनन-फानन में छात्रा को अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी मौत हो गई। छात्रा के साथ फ्लैट में उसकी मां, मौसी और भाई रहता है। छात्रा के पिता साउथ कोरिया में काम करते हैं। गाजियाबाद में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना कविनगर के पंचशील प्राइम रोज के फ्लैट नंबर 703 वीरेंद्र का है। वीरेंद्र साउथ कोरिया में काम करते हैं। फ्लैट में उनकी पत्नी, पत्नी की बहन और उनका बेटा और बेटी रहते हैं। सोमवार देर रात उनकी बेटी 17 वर्ष की साक्षी आठवीं मंजिल से गिर गई। वह कैसे गिरी यह अभी पहेली बनी हुई है। परिजन साक्षी को तुरंत मणिपाल अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया है। हालांकि इस मामले में परिजनों की तरफ से किसी तरह की कोई तहरीर या शिकायत नहीं दी गई है ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है। फिर भी पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी है।

### युवक महिला पर धर्म बदलने का डाल रहा दबाव

मोदीनगर। मोदीनगर में धर्म छिपाकर महिला के साथ दोस्ती करके एक साल तक साथ रहने का मामला सामने आया है। महिला ने आरोपी पर धर्म बदलने का आरोप भी लगाया है। आरोपी महिल के जेवरात व 60 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। गाजियाबाद निवासी एक महिला दिल्ली मेरठ मार्ग पर मुरादनगर थानाक्षेत्र स्थित मनोटा की एक फैक्टरी में काम करती है। एक साल पहले महिला की मुलाकात ऑटो चालक से हुई। ऑटो चालक ने महिला की मुलाकात एक युवक से कराई और दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इसके बाद महिला अपने चार बच्चों को छोड़कर युवक के साथ आ गई और मोदीनगर थानाक्षेत्र के एक गांव में किराए पर कमरा लेकर रहने लगी। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले पता चला कि युवक का असली नाम रिजवान है। उसने धर्म छिपाकर मेरे साथ दोस्ती की। अब वह काफी समय से धर्म बदलने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि पिछले दिनों आरोपी 60 हजार रुपए की नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गया।

### केस खत्म करने के लिए मांगे दो लाख रुपए

मोदीनगर। मुरादनगर में दहेज उत्पीड़न के मामले को खत्म करने के लिए दो लाख रुपए रिश्वत मांगने के मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुरादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो साल पहले रिश्ता तोड़ने के मामले में नेवी कर्मचारी के खिलाफ मुरादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मुकदमा खत्म करने के लिए थाने में तैनात हैड कॉन्स्टेबल ने पीड़ित परिवार पर पैसे मांगने का दबाव बनाया था। मुजफ्फरनगर की इंदिरा कॉलोनी निवासी रघुपाल सिंह परिवार सहित रहते है और व्यापार करके परिवार का लालन पालन करते है। उनका पुत्र नेवी में कार्यरत है। रघुपाल सिंह ने बताया कि सन 2022 में मेरा पुत्र का रिश्ता मुरादनगर की एक कॉलोनी निवासी युवती से तय हुआ था। रिश्ता किसी खास रिश्तेदारी ने कराया था। कई रस्म पूरी हो गई थी और शादी की तारीख भी तय कर ली गई थी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और रिश्ता टूट गया। रिश्ता टूटने के बाद लड़की पक्ष की ओर से मुरादनगर थाने में दहेज की मांग पूरी ना करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद लड़के पक्ष के लोग अपने घर से फरार हो गए। पहले इसकी जांच मुरादनगर थाने में तैनात दरोगा लाल सिंह को दी गई।

### केजरीवाल एक आर्थिक अपराधी : भाजपा

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के लोगों की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रति सहानुभूति खत्म हो गई है। वे कितना भी दिखावा करने की कोशिश कर लें, लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि तिहाड़ दिल्ली सरकार के अधीन है। उन्हें किसी उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़ रहा है। जेल मैनुअल और संबंधित न्यायालय के निर्देश से बंधे जेल अधिकारी सुविधाएं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सांसद संजय सिंह चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, वे अपने भ्रामक बयानों से लोगों को मूर्ख नहीं बना सकते। सभी जानते हैं कि केजरीवाल अवैध मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल आर्थिक अपराधी हैं, जिन्होंने अपनी आम आदमी पार्टी के लिए रिश्वत जुटाने के लिए न केवल शराब नीति बनाई, बल्कि कई अन्य विभागों के फंड का दुरुपयोग और प्रभावित किया है। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल विक्टिम कार्ड खेलने से बाज आएं, क्योंकि जनता उनकी सारी सच्चाई को समझ चुकी है। जनता को पता है कि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं और हाईकोर्ट तक ने गिरफ्तारी को पूरी तरह जायज बताया है। करोड़ों के भ्रष्टाचार के बाद खुद को क्लीन चिट वह कैसे दे सकते हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल के प्रपंच की पोल खोल दी है।

# मैं भारत का संविधान हूं, लाल किले से बोल रहा हूँ...

## डीयू में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने जमाए देश भक्ति के रंग, भारत में अब तक नहीं हुआ अंबेडकर जैसा दूसरा नेता : प्रो. योगेश सिंह

**दिल्ली।** 'सेलिब्रेशन ऑफ संविधान अमृत महोत्सव-सेलिब्रेटिंग 75 इयर्स ऑफ रिपब्लिक ऑफ भारत' के तत्वावधन में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा संविधान: विकसित भारत की राह करे आसान ध्येय वाक्य पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विख्यात कवियों ने अपनी अपनी कविताओं के माध्यम से खूब देशभक्ति के रंग जमाए। जाने माने कवि डॉ हरिओम पँवार ने अपनी औजस्वी कविता मैं भारत का संविधान हूँ, लाल किले से बोल रहा हूं, मेरा अंतर्मन घायल है, दुःख की गांठें खोल रहा हूं के माध्यम से संविधान की पीड़ा को बहुत ही संजीदा रंग में पेश किया। सोमवार को देर साँय आयोजित इस कवि सम्मेलन के आरंभ में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संविधान और डॉ बीआर अंबेडकर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारत में अब तक बीआर अंबेडकर जैसा दूसरा नेता पैदा नहीं हुआ है।

विख्यात कवयित्री डॉ कीर्ति काले ने अपनी शृंगार रस की कविताओं से खूब तालियां बटोरी। उन्होंने माता-पिता के सम्मान को लेकर अपनी कविता कुछ यूं प्रस्तुत की, अयोध्या में अगर ढूंगोगे तो श्री राम मिलते हैं, जो वृन्दावन में ढूंढोगे तो घनश्याम मिलते हैं, अगर काशी में ढूंढोगे तो भोले नाथ मिलते हैं, मगर माँ-बाप के चरणों में चारों धाम मिलते हैं... । कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कवि डॉ अशोक बत्रा ने भी अपनी कविता और



हास्य से खूब गुदगुदाया। उत्तर प्रदेश से आए कवि डॉ अर्जुन सीसोदिया ने बेटियों पर अपनी कविता में कुछ यूं अपने उद्गार प्रकट किए, चढ़ती हैं शीश पिता के तो मन की पीड़ा हर लेती हैं, बेटियाँ खुद गंगा होती हैं, घर को पावन कर देती हैं.... । राजस्थान से आए हास्य कवि केशरदेव मारवाड़ी ने अपने हास्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवि विकास यशकीर्ति ने अपनी कविता विदा होते हुए मुझको बड़ी लगने लगी बिटिया, कहा पापा जब पोंछ कर आँसू के पापा यूं नहीं रोते... । समारोह के आरंभ में कुलपति ने संबोधित करते हुए कहा कि जब भी देश पर कठिन प्रश्न आया तो संविधान ने उसका रास्ता निकाला। कुलपति ने संविधान निर्माता डॉ बीआर अंबेडकर पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि अंबेडकर अपने समय से बहुत आगे के व्यक्ति थे।

जब आजादी से पहले देश में केंद्र सरकार के होने या न होने पर चर्चा चल रही थी, तब अंबेडकर ने अपनी बात रखी कि भारत में केंद्र सरकार होनी चाहिए और मजबूत होनी चाहिए।

उन्होंने विधायिकाओं के चुनावों के लिए ग्राम आधारित प्रतिनिधि चुनाव व्यवस्था का विरोध किया और जनता द्वारा सांसदों के सीधे चुनाव की व्यवस्था को लागू करवाया। कुलपति ने अंबेडकर की आर्थिक नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर अंबेडकर देश के पहले वित्त मंत्री होते तो ये गरीबी देश से बहुत पहले दूर हो गई होती।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। आज भारत जिन हाथों में है, उन पर हमें गर्व है। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ नन्द किशोर गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि अंबेडकर को लोगों ने समझा ही नहीं।

कार्यक्रम के आरंभ में गांधी भवन के निदेशक प्रो. केपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता सहित अनेकों शिक्षक, अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ जेल में आतंकवादियों की तरह व्यवहार : संजय सिंह

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि दिल्लीवालों के चहेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ जेल में आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है और इससे आहत होकर उन्होंने देश की जनता के नाम संदेश भेजकर कहा कि वह आतंकवादी नहीं हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से कहा , केजरीवाल ने दिल्ली और देश की जनता के लिए बेटे और भाई की तरह काम किया। उन्होंने जनता के लिए संदेश भेजा है कि 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं




आतंकवादी नहीं हूं। उन्होंने जेल में अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किये जाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री दुर्भावना और नफरत में इतना आगे निकल चुके हैं कि मुख्यमंत्री से उनके परिवार तथा उनकी पत्नी की मुलाकात बीच में शीशे की दीवार खड़ी करके करा रहे हैं।

आप नेता ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। इसके बाद भी भगवंत मान की जेल में केजरीवाल से मुलाकात बीच में शीशे की दीवार खड़ी करके कराते हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री ने इस कार्रवाई से जाहिर कर दिया है कि उनके मन में केजरीवाल के प्रति पूरी तरह से नफरत, दुर्भावना और बदले की भावना भरी हुई है।

सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने ही देश में एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का दिमाग अरविंद केजरीवाल की 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी और प्रताड़ित करने और उनका मनोबल तोड़ने की योजना पर काम कर रहा है। केजरीवाल और उनके परिवार के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को अपमानित कर उनके मनोबल को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री को बता दें कि ये अरविंद केजरीवाल हैं। आप इनको तोड़ने की कोशिश करेंगे तो केजरीवाल और मजबूत होकर आपसे लड़ाई लड़ने का काम करेंगे।

# अजित राय की पुस्तक 'दृश्यांतर' का लोकार्पण

नयी दिल्ली। राजधानी में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के उमंग सभागार में सोमवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अजित राय की पुस्तक 'दृश्यांतर' का लोकार्पण किया गया।

इस पुस्तक का लोकार्पण आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, आईजीएनसीए के डीन (प्रशासन) प्रो. रमेश चंद्र गौर और वरिष्ठ पत्रकार गिरिजाशंकर ने किया।

इस अवसर पर पुस्तक के लेखक अजित राय, नाट्य समीक्षक व पत्रकार संगम पांडेय, वाणी प्रकाशन के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक अरुण माहेश्वरी और कार्यकारी निदेशक अदिति माहेश्वरी गोयल भी उपस्थित थे।

इस मौके पर भारत में सांस्कृतिक पत्रकारिता के महत्त्व, दशा और दिशा पर सार्थक बातचीत हुई।

डॉ. सच्चिदानन्द जोशी ने कहा, सांस्कृतिक पत्रकारिता के क्षेत्र में दस्तावेजीकरण का काम होना चाहिए। आज सांस्कृतिक पत्रकारिता बहुत खतरे के दौर में है। हमारी जैसी सांस्कृतिक धरोहर है, विश्व में ऐसी सांस्कृतिक धरोहर कहीं नहीं है। उन्होंने चिंता जताई कि आज सांस्कृतिक पत्रकारिता हाशिये पर चली गई है और आज यह कमोबेश पेज-3 जर्नलिज्म तक सिमटकर रह गई है।

# न्यूज क्लिक मामले में आरोपियों पर यूएपीए के तहत चलेगा केस

नई दिल्ली। न्यूजक्लिक मामले में दिल्ली पुलिस को यूएपीए के तहत केस चलाने के लिए मंजूरी मिल गई है। पुलिस ने मंगलवार को अदालत को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने यहां अदालत को बताया कि न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने के लिए जरूरी मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। बता दें कि समाचार पोर्टल पर चीन समर्थक प्रचार प्रसार के लिए धन प्राप्त करने का आरोप है।

दिल्ली पुलिस ने सूचित किया कि यूएपीए की धारा-45 और सीआरपीसी 193 के तहत केस चलाने की सभी मंजूरी मिल गई है। विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने एडिशनल सेशन जज हरदीप कौर की अदालत को बताया कि अलग-अलग कुल तीन मंजूरी आदेश है जो पूरक आरोप पत्र के रूप में दाखिल किए जा रहे हैं।

अदालत ने मामले को 30 अप्रैल को आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के लिए सूचीबद्ध किया है। दिल्ली पुलिस ने न्यूजक्लिक और उसके संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ यूएपीए मामले में 30 मार्च को लगभग 8,000 पन्नों वाला अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तीन अक्टूबर, 2023 को प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। अदालत ने जनवरी में न्यूजक्लिक के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति दी थी। न्यायाधीश ने मामले में गिरफ्तार चक्रवर्ती को उसके आवेदन पर माफ कर दिया था।

# एलजी का केजरीवाल को खुला पत्र, कहा- सरकार की नाकामियों के कारण दिल्ली बेहाल

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी की ओर से दिल्ली में पानी को लेकर हुई घटना पर उनको लिखे गए पत्र का मुद्दा उठाया है। उनका कहना है कि दिल्ली सरकार की नाकामियों के चलते दिल्ली में पेयजल की परेशानी हो रही है। वहीं मंत्री जिम्मेदारी लेने की बजाय असंवेदनशील तरीके से पत्र लिख रहे हैं। इसके साथ ही एलजी ने दिल्ली सरकार की कथित विफलताओं को आधिकारिक आंकड़ों के जरिए गिनाया है। झठुएलजी ने पत्र में कहा है कि वारदात के पीछे पानी की अपर्याप्त आपूर्ति को दोषी ठहराते हुए आतिशी ने अपनी ही सरकार को जिम्मेदार



ठहराया है। उनका पत्र बीते लगभग 10 वर्षों के दौरान निष्क्रियता और अक्षमता का कबूलनामा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना दिल्ली में अपनी तरह का इकलौता केस नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी को लेकर पहले भी कई घटनाएं दिल्ली सरकार की विफलता के कारण हुई हैं।

उपराज्यपाल ने पत्र में कहा है कि ऐसे मामले साल-दर-साल होने वाली घटना बन गए हैं। बीते दस वर्षों के दौरान ऐसे मामले मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट भी किए गए हैं। एलजी ने कुछ घटनाओं का हवाला भी दिया है। उन्होंने लिखा है कि मैं 2017 से हुई कुछ रिपोर्टों का स्नैपशॉट अटैच कर रहा हूं। दिल्ली में पानी की समस्या बीते एक दशक के दौरान काफी गंभीर हो गई है। खासकर उन बस्तियों में जहां गरीब लोग रहते हैं।

एलजी ने लिखा है कि दिल्ली विधानसभा के हालिया बजट सत्र में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 कुछ हैरान करने वाले तथ्य सामने ला रहा है। बीते एक दशक में जल उपचार क्षमता 906 एमजीडी से 946 एमजीडी हुई है। यह मात्र 4.4 फीसदी की बढ़ोतरी है जबकि इसी अवधि के दौरान दिल्ली की आबादी में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। नतीजतन जल आपूर्ति में कमी लगभग 290 एमजीडी देखी जा रही है।

पानी की बर्बादी (पानी की चोरी, बकाया भुगतान नहीं किए जाने, पानी के रिसाव) का प्रतिशत 2015 में 45 प्रतिशत था जो 2022-2023 में बढ़कर 58 फीसदी हो गया है। यानी 2015 में 906 एमजीडी उपचारित जल में से केवल 498 एमजीडी का ही इस्तेमाल हुआ। 2022-23 में 946 एमजीडी उपचारित जल में से केवल 397 एमजीडी का हिसाब रखा गया है। यही वजह है कि बीते दशक में आपकी सरकार की ओर से की जा रही आपराधिक उपेक्षा के कारण शुद्ध पानी की उपलब्धता में 100 एमजीडी से अधिक की कमी आई है।

# गाजियाबाद में नेशनल हाईवे पर चलती कार में लगी आग

## ट्रैफिक हुआ जाम, दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू, कार सवार ने कूदकर बचाई जान

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम इलाके में नेशनल हाईवे 24 पर कार में चलते समय आग लग गई। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। कार में कौन-कौन सवार था यह भी जानकारी नहीं मिल पाई है क्योंकि कार सवार कार छोड़ कर चले गए थे। फायर स्टेशन वैशाली को सूचना मिलने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया। बीच रोड पर कार में आग लगने



के चलते ट्रैफिक भी बाधित रहा।

गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की फायर स्टेशन वैशाली को सूचना मिली की यूपी गेट से एलिवेटेड रोड की तरफ जाते समय नेशनल हाईवे 24 पर कार में आग लग गई है। इस सूचना पर वैशाली फायर स्टेशन से एक फायर टैंकर दमकल कर्मियों के साथ मौके पर रवाना हुआ।

मौके पर पहुंच कर देखा कि आग की लपटे काफी तेज थी और आग पूरी गाड़ी में फैल चुकी थी। दमकल कर्मियों ने तुरंत हौज लाइन फैला कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। यह कार मारुति कंपनी की स्विफ्ट डिज़ायर थी जो पेट्रोल से चलती है। कार का नंबर DL12CM7389 है। कार में कौन-कौन सवार था या आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

क्योंकि सभी कार सवार कार छोड़कर चले गए थे। बीच रोड पर आग लगने से ट्रैफिक भी बाधित रहा।

# मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन को भंग करने के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन को भंग करने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखा। मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन को 1989 में स्थापित किया गया था। इसकी स्थापना का मकसद शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देना था।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन को भंग करने के खिलाफ सैयदा सैय्यदैन हमीद, जॉन दयाल और दया सिंह की जनहित याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि फाउंडेशन को भंग करने का एमएईएफ का निर्णय अच्छी तरह से विचार किया गया था। याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों से अदालत प्रभावित नहीं है।

पीठ में न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा भी शामिल थीं। अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि एमएईएफ को भंग करने का निर्णय एमएईएफ की आम सभा की ओर से विधिवत विचार विमर्श के बाद लिया गया था। अदालत को उक्त निर्णय पर पहुंचने के लिए आम सभा द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया में कोई खामी नजर नहीं आती है। अदालत को याचिका में कोई मेरिट




नजर नहीं आती है। इस वजह से इसको खारिज किया जाता है।

याचिकाकर्ताओं ने इस साल की शुरुआत में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के 7 फरवरी के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। केंद्र सरकार ने अदालत में अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा था कि चूंकि अब मंत्रालय ही अल्पसंख्यकों के लाभ के लिए योजनाओं को समग्र रूप से संचालित कर रहा है, इसलिए मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन अप्रचलित हो गया है।

याचिकाकर्ताओं ने अपनी जनहित याचिका में कहा था कि मंत्रालय का आदेश न केवल योग्य छात्रों, विशेषकर लड़कियों को एमएईएफ की योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित करता है। लगभग चार दशक पुरानी संस्था को खत्म करने के संदर्भ में अचानक, अपारदर्शी और पूरी तरह से मनमाने निर्णय से लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है।

# लोकदल के नेता को मारी गोली : हालत गंभीर

## परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, बाइक से अपने ऑफिस जा रहा था

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र में पॉश और जिले के सबसे महंगे इलाके आरडीसी में राष्ट्रीय लोकदल से पार्षद का चुनाव लड़ चुके नेता को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर आए दो बदमाशों ने गोली चला दी। पीड़ित को दो गोली लगी है। पुलिस ने इस वारदात के खुलासे के लिए कई पुलिस टीम इस मामले में लगा दी गई है।

गाजियाबाद में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि लोकेश चौधरी और लीलू अपनी बाइक से आरडीसी में जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर आए दो अज्ञात बदमाशों ने लोकेश चौधरी पर गोली चला दी। गोली लगने से लोकेश वहीं गिर गए।

गोली चलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोकेश चौधरी को यशोदा अस्पताल नेहरू नगर में भर्ती कराया गया है। लोकेश के दो गोली लगी है। लोकेश उर्फ लीलू कवि नगर थाना क्षेत्र के रहने गांव राजापुर के रहने वाले हैं और फिलहाल थाना क्षेत्र के ही महेंद्रा एंक्लेव में रहते हैं। वहीं उनका प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

साथ ही आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस की कई टीम इस वारदात के खुलासे के लिए लगा दी गई है। लोकेश चौधरी करीब 1 साल पहले हुए नगर निगम के पार्षद के चुनाव में महेंद्र एनक्लेव वार्ड से राष्ट्रीय लोकदल पार्टी से चुनाव लड़े थे।

# नॉर्थ ब्लॉक में मामूली आग लगी, कोई हताहत नहीं

नयी दिल्ली । गृह , वित्त और कार्मिक जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय वाले भवन नॉर्थ ब्लॉक के एक कमरे में मंगलवार को यहां मामूली आग लग गई हालांकि, समय रहते इस पर काबू पा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सुबह लगभग सवा नौ बजे नॉर्थ ब्लॉक के कमरा नंबर 209 में मामूली आग लग गई। इस कमरे में कार्मिक मंत्रालय का अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग स्थित है।

# संपादकीय

## भारतीयों पर हिंसक हमले और हत्या की घटनाएं चिंता की बात

भारतीय समुदाय के लोगों के लिए अमेरिका और कनाडा के अंदर हिंसक हमले और हत्या की घटनाएं दिल दहलाने वाली हैं। यह घटनाएं न केवल उन व्यक्तियों की जान को खतरे में डालती हैं, जो इन हमलों का शिकार बनते हैं, बल्कि समुदाय के साथ-साथ उनकी प्रतिष्ठा और सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। ये घटनाएं समाज की एकता और सांस्कृतिक संवास्थ्य को भी प्रभावित करती हैं। इस लेख में, हम इस चिंता की बात करेंगे कि अमेरिका और कनाडा में भारतीय समुदाय के लोगों पर हो रही हिंसा और हत्या क्यों बढ़ रही है और इसे कैसे रोका जा सकता है।

पहले हम इस मुद्दे को अमेरिका में देखते हैं। अमेरिका में अंग्रेजी भाषा के अलावा अन्य भाषाओं का बहुत ही बड़ा समुदाय है, जिसमें भारतीय समुदाय भी शामिल है। हाल ही में अमेरिका में कई हत्याएं और हिंसक वारदातें हुई हैं, जिनमें भारतीय समुदाय के लोग शामिल थे। ये घटनाएं भारतीय समुदाय के लोगों के लिए एक सतही खतरा का संकेत हैं, और इसने उनमें भय का माहौल पैदा किया है।

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा की मुख्य वजहों में से एक धार्मिक और नस्लीय भेदभाव है। कुछ लोग इसे धार्मिक और सांस्कृतिक भेदभाव के चलते करते हैं, जबकि कुछ लोग नस्लीय भेदभाव की बात करते हैं। अमेरिका में बढ़ते राजनीतिक और सामाजिक टेंशन के दौरान, ऐसे भेदभाव की स्थिति और भी बढ़ गई है।

अमेरिका में हिंसा और हत्या के मामले में भारतीय समुदाय के लोगों का अधिकतर शिकार युवा और विद्यार्थियों में होते हैं।

ये लोग अक्सर विद्यालय या कॉलेज के बाहर हींसक हमलों के शिकार होते हैं, जहां उन्हें अपनी अस्थिरता के कारण बुरी तरह से पीड़ित किया जाता है। ये हमले अक्सर नस्लीय, धार्मिक या सामाजिक भेदभाव के कारण होते हैं। इन हमलों में जान की जोखिम के साथ-साथ, मानसिक और शारीरिक पीड़ा भी होती है, जो विकलांगता और आत्महत्या की स्थिति तक पहुंच सकती है।

कनाडा में भी भारतीय समुदाय के लोगों के लिए हिंसा और हत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। कनाडा एक संप्रेषणशील देश है जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक समृद्धि और धार्मिक समुदाय हैं, लेकिन वहां भी भेदभाव की समस्या है। विभिन्न समुदायों के बीच हुए झगड़ों और विवादों में अक्सर भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जाता है। ये घटनाएं कनाडा की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को क्षति पहुंचाती हैं, और यहां के लोगों के बीच भी असुरक्षा और भय का माहौल पैदा करती हैं।

हिंसा और हत्या के खिलाफ लड़ाई में समाज के हर व्यक्ति की भूमिका है। इस लड़ाई में सरकार, सामाजिक संगठन, धार्मिक गुरु, शिक्षक, और समुदाय के नेता सभी मिलकर योगदान कर सकते हैं।

सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है और वह नाफ़रमानी और भेदभाव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में सक्षम होनी चाहिए। साथ ही, समाज को एकता और सद्भावना की भावना को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे कि हर किसी को समानता का भाव महसूस हो सके।

## बेरुखी छोड़कर किसानों की सुनवाई करे हुकूमत

पंजाब और हरियाणा में, जो किसानों के विरोध का केंद्र है, आंदोलित किसान गांवों में सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक रहे हैं, जिससे भाजपा उम्मीदवारों को वोट मांगने में मुश्किल पैदा हो रही है। वे अक्सर कहते हैं- 'अगर आपने नई दिल्ली जाने का हमारा रास्ता रोका, तो हम अपने गांवों में आपकी एंट्री रोक देंगे।'

इतना ही नहीं, हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला ने किसानों से गुजारिश की कि उन्हें उनके बेटे के गांवों में प्रवेश को नहीं रोकना चाहिए। वहीं उन्होंने किसानों से कहा, 'भाजपा राज्य और केंद्र दोनों में सत्ता पर काबिज है। इसके अलावा, दुष्यंत ने लगातार कृषक समुदाय की वकालत की है, यहां तक ??कि हिसार से सांसद के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी।' साथ ही नैना चौटाला ने मसले को हल करने के लिए बातचीत में शामिल होने के लिए उनका स्वागत किया। हिसार के नारा, गामरा, खानपुर और सिंधर गांवों में प्रचार करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला को किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भाजपा के हिसार से उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला को किसानों के एक समूह से भिड़ने के बाद एक गांव में एक सभा बीच में ही छोड़नी पड़ी और चुनाव संबंधी एक अन्य कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा। सिरसा से चुनाव लड़ रहे अशोक तंवर को भी अपने प्रचार के दौरान किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा है।

बीजेपी सांसद और रोहतक से उम्मीदवार अरविंद शर्मा को कोसली विधानसभा क्षेत्र के एक गांव से कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। उनके दौरों के कई वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से ग्रामीणों ने नेताओं के साथ धक्का-मुक्की और कटाक्ष किये, जिसके बाद तीखी नोकझोंक हुई और कई स्थानों पर उम्मीदवारों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मिसाल के तौर पर, सोनीपत से उम्मीदवार मोहन लाल बडोली को जींद जिले में कुछ स्थानों पर इसी तरह का विरोध झेलना पड़ा। वहीं वीडियो क्लिप से पता चलता है कि कैसे गुस्साए किसानों की रणजीत चौटाला के साथ तीखी बहस हुई। कई नेताओं ने तो ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों को नजरअंदाज कर दिया जहां उन्हें विरोध होने का डर है।

पड़ोसी पंजाब में, भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस को बठिंडा के पास रामपुरा फूल में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जहां पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरियर लगाए थे, वहीं पुलिस के साथ झड़प हो गई। इसी तरह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पत्नी प्रणीत कौर को भी किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिका में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू, जो अब अमृतसर सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, को भी अपने चुनाव अभियान के दौरान नारेबाजी करने वाले किसानों का सामना करना पड़ा। वास्तव में, समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि किसानों ने करीब 60 गांवों में भाजपा उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक दिया है। किसान नेताओं का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उन वायदों के बारे में सवाल करने को कहा है जो अधूरे रह गए। उनका दावा है कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और कुछ हद तक राजस्थान में हो रहे हैं। कई गांवों में तो भाजपा प्रत्याशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बोर्ड लग गए हैं।

जहां भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों के आयोजन के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यानी आप को जिम्मेदार ठहरा रही है, वहीं आप उम्मीदवारों को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फसल में हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने पर किसान आम आदमी पार्टी के बठिंडा शहरी विधायक के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए।

जबकि भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों को कमतर आंक रही है, लेकिन उसे चिंता हो रही है कि यहां बन रही खिलाफत की गति यदि इन विरोध प्रदर्शनों को अन्य राज्यों तक फैलाती है, तो क्या यह सत्तारूढ़ पार्टी की जीत की संभावनाओं को रोकने में मददगार बनेगी।

# अन्नामलाई की भाजपा को दक्षिण में कमल उगाने की गारंटी ?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में बीजेपी की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं।



दक्षिण राज्यों के चुनावी समर में एक ही नाम चारों ओर गूंज रहा है, वो है अन्नामलाई। वहां की राजनीति में ये एक नया सितारा उभरा है। पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई ने अपने बूते भाजपा के लिए दक्षिणी राज्यों में सियासत की उपजाऊ जमीन तैयार कर दी है। उधर का सियासी भूगोल देखें तो तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है। जहां, करीब 87 फीसदी से अधिक आबादी हिंदू है। ये उन राज्यों में एक है जहां राष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति कोई खास नहीं रही है। हां, बीजेपी कोयंबटूर और कन्याकुमारी में जरूर वोट जुटाती रही है। सन्-1998 के कोयंबटूर बम विस्फोट के अलावा तमिलनाडु में धार्मिक दंगे कम हुए हैं।

तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई इसका सबसे बड़ा राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई बीजेपी नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे। पर, पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में बीजेपी की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं। मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन दे रही हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया है। बीजेपी अपनी योग्यता और जनता में अपील के आधार पर मतदाताओं के विश्वास के लिए जा रही है।

भाजपा को इस समय तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं या समाज के अन्य वर्गों से वोट मिलने की संभावना है। बीजेपी मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर जा रही है। इस समय अन्नामलाई के साथ तमिलनाडु के युवा भी साथ आ रहे हैं और द्रमुक सरकार को उखाड़ फेकने के नारे का खूब समर्थन भी कर रहे हैं। अन्नामलाई ने एन मन, एन मक्कल की जो पदयात्रा पूरे तमिलनाडु की वह भाजपा के समर्थन बढ़ाने में सहायक रही। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। अब तमिलनाडु के लोग द्रमुक और अन्नाद्रमुक का विकल्प तलाशने लगे हैं। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में हैं। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को आप तमिलनाडु में सांसदों की बढ़ी हुई संख्या और बढ़ा हुआ वोट शेयर भी देखेंगे।

बहरहाल, कर्नाटक भारत के दक्षिण में स्थित ऐसा राज्य है जहां बीजेपी की बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। जिसका मुख्य कारण एच.डी. कुमारस्वामी.की विफलता थी। 2008 में बीजेपी ने 110 सीटें जीतीं। बीजेपी वास्तव में तटीय कर्नाटक क्षेत्र और मुंबई कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में बीजेपी के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा बीजेपी का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल सेक्युलर को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां बीजेपी अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

वहीं, केरल भारत के दक्षिण में एकमात्र राज्य है जहां करीब 54 फीसदी आबादी हिंदू है। पर, केरल में हिंदू, ईसाई और इस्लाम की समान उपस्थिति है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट।

भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। बीजेपी के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं। केरल में ईसाई समुदाय तेजी से बीजेपी की ओर आ रहे हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँच चुकी है। वहाँ कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ज़ीरो मलंकरा कैथोलिक, जो मध्य केरल ग केरल और वायनाड के आसपास हैं, मार्थोमा चर्च के कुछ लोग जो अमेरिका और यूरोप में रहने के कारण भारत से बाहर हैं, ये सब अब बीजेपी के साथ दिखने लगे हैं। धीरे धीरे ये समुदाय भाजपा के प्रति सकारात्मक हो रहे हैं और कांग्रेस की विचारधाराओं से दूर होते जा रहे हैं। इन ईसाई समुदाय के बीच बड़े पैमाने पर हृदय परिवर्तन हुआ है। हालांकि चर्च हमेशा राजनीति में भागीदारी से इनकार करता रहा है।

इस्लाम में धर्म परिवर्तन आम संस्कृति नहीं थी और ज्यादातर असाधारण मामलों तक ही सीमित थी। लेकिन 1990 के दशक के बाद से, मुस्लिम इंजीलवाद का उदय हुआ। सऊदी द्वारा ऐसे उद्देश्यों के लिए पेट्रो डॉलर की भारी फंडिंग की गई। इसने बहुत सारे ईसाई मिशनरी आंदोलनों को परेशान कर दिया। इस्लामोफोबिया आम ईसाइयों के दिमाग में घुस गया। लव जिहाद इस बीच लव जिहाद के कई मामले आए और इस विचार ने ईसाई समुदायों के मन में डर बिठा दिया। ईसाई संवेदनाओं की बात करें तो, वे अभी भी अंतर-जातीय विवाह की अनुमति नहीं देते। ईसाई पादरी लव जिहाद के खिलाफ अपने समुदाय के लोगों को आगाह कर रहे हैं और वे केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के करीब आ रहे हैं। बिशप और विकर्स जैसे सैकड़ों वरिष्ठ पादरी भाजपा के साथ जुड़ते जा रहे हैं। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य सीपीएम से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं।

इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में बीजेपी के लिए वरदान साबित हो सकती है।

## राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे

**प्रो. संजय द्विवेदी**

आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्राय: सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे।

इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे।

आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्राय: सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे।

आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ।

राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो वीर अर्जुन जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे स्वदेश, पांचजन्य और राष्ट्रधर्म के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी हिंदुस्तान समाचार और ऑर्गनाइजर से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक लोकमत, साप्ताहिक सारथी और श्री शारदा के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे।

विशाल भारत के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन प्रताप के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। लोकमत समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। विजया कर्नाटक और कन्नड़ प्रभा अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया।

## जिन्दगी वतन की पहरेदार हो जाए

जिन्दगी वतन की पहरेदार हो जाए,
मौत भी आए तो कसूरवार हो जाये

मौत भी हो इतनी शानदार शहीदी,
जिंदगी भी अपने पर शर्मसार हो जाये।

ज़माने से मिले जख्मो को जीयो ऐसे
कि बहता लहू भी गुनहगार हो जाये,

तेरी मेरी दोस्ती हो ऐसी जुदा
कि दुश्मन का वार भी प्यार हो जाये।

दोस्तों में ना हो कभी इतनी तल्ख़ी,
कि हमे दुश्मनो पे एतबार हो जाये।

इन्सान कभी इतना ज़हरीला न हो संजीव
कि हमे साँपो से प्यार हो जाये।

सर जमीं पर लुटा दो लहू अपना,
बहता लहु भी खुशबूदार हो जाए।



**संजीव ठाकुर**
**रायपुर**

# नेताजी सावधानी बरतिएगा, आचार संहिता उल्लंघन का केस ठुकेगा



लोकसभा चुनाव प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 बनाम रामनवमी 17 अप्रैल 2024

लोकसभा चुनाव के बीच 17 अप्रैल 2024 रामनवमी पर देश को राममय बनाने की संभावना पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर सराहनीय-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का महापर्व देखा और करोड़ों भक्त गणों का रुझान आध्यात्मिक आस्था के प्रति पूरी दुनियां ने देखा जो राममय में सराबोर हो गए राजनीतिक विशेषज्ञों को आभास जरूर हुआ होगा कि यह ट्रेंड वोटो में तब्दील होकर कहां जाएगा। 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी है जो प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामनवमी आ रही है जिसका सूर्य अभिषेक करने का उत्सव मनाने की फिर रणनीति बनाकर तैयारी है जिसका क्रियान्वयन भव्य तरीके से होगा ऐसा मुझे अंदेशा है 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी को पूरे देश में जोरदार ढंग से मनाने का अंदेशा है जिसका पूरा-पूरा लाभ 2024 लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी को मिलना निश्चित है और लक्ष्य अबकी बार 400 पार का संभव होने की पूरी पूरी उम्मीद है। दुसरी ओर रामनवमी शोभायात्रा को लेकर जारी संशय के बीच निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि त्योहार के मौके पर किसी राजनीतिक दल के द्वारा झंडा, चुनाव चिन्ह, पोस्टर या बैनर का इस्तेमाल होने पर इसे आचार संहिता उल्लंघन माना जायेगा और समुचित कारवाई की जायेगी ।रामनवमी जैसे त्योहार के मौके पर आमतौर पर राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा देश भर में बड़े-बड़े बैनर पोस्टर औरहोर्डिंग्स लगाए जाते रहे हैं, इस बार चुनाव आचार संहिता की वजह से यह देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि शोभा यात्रा के दौरान राजनेताओं को इसमें शामिल होने की छूट दी गई है मगर इस पर चुनाव आयोग के पदाधिकारी की नजर रहेगी और इसके लिए हर जिले में बने आचार संहिता कोषांग के द्वारा वीडियोग्राफी की जाएगी इसलिए नेताजी सावधानी बरतिएगा आचार संहिता उल्लंघन का केस ठुकेगा। चूंकि लोकसभा चुनाव के बीच 17 अप्रैल 2024 रामनवमी पर देश को राममय बनाने की संभावना पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 बनाम रामनवमी 17 अप्रैल 2024

साथियों बात अगर हम देश को राममय के कार्यक्रम की करें तो, देश को राममय करने काकार्यक्रम यहीं रूकने वाला नही है। राम मंदिर आंदोलन और इसकेनिर्माण के लिए धन संग्रह अभियान से जुड़े लोगों की सूची तैयार की गई है। जिनको अनेक दिनों तक दर्शन करवाने का कार्यक्रम भी मंदिर ट्रस्ट ने तैयार किया है।

रोजाना राम भक्तों को अयोध्या दर्शन के लिए प्रांत वाइज बुलाया जाएगा। जिनके रहने व खाने की व्यवस्था भी मंदिर ट्रस्ट ही करेगा। यह बड़ा कार्यक्रम होगा। मंदिर में रामलला को प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर श्रद्धालुओं को अयोध्या आने से रोकने की जरूरत क्यों आ पड़ी? इसके जवाब में श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव बताते हैं,अयोध्या अभी करोड़ों की भीड़ कीव्यवस्था करने की स्थिति में नही हैं। जनवरी 2024 में अयोध्या में कठोर जाड़ा पड़ता है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन करोड़ों रामभक्त अयोध्या आना चाहेंगे। जिससे लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गंभीर संकट पैदा हो सकता हैं।

जिसे संभालना मुश्किल होगा। ऐसे में गांव गांव में इस उत्सव को आनंदोत्सव के रूप में मनाने की योजना बनाई गई ।क्या आम चुनाव के पहले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में दर्शन शुरू होने का असर 2024 के चुनाव पर पड़ेगा? इसके जवाब में मंदिर ट्रस्ट का साफ कहना था कि राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा है। यह धार्मिक होने के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दा बना है। प्रभुराम राष्ट्रीय महापुरुष हैं।

देश में रामराज्य की स्थापना परम लक्ष्य है। राम मंदिर अब राष्ट्र का मंदिर बन गया है। यही सवाल जब बीजेपी के अयोध्या महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव से किया तो वो इस सवाल का सीधा जवाब न देकर कहते हैं राम मंदिर बीजेपी के पांच प्रमुख संकल्पों में से एक है। कॉमन सिविल कोड, राम मंदिर, कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति जैसे विषय राष्ट्रवादी हैं। इनका चुनावी राजनीति से लेना देना नहीं है। जो रामभक्त है उन्हें मालूम है कि राम मंदिर की लड़ाई किसने लड़ी। लेकिन राम मंदिर बीजेपी का सदैवसांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जुड़ा मुद्दा रहा है। कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहा। लेकिन राम मंदिर के नाम पर हमें जो स्वतः लाभ मिलता रहा है आगे भी मिलेगा।

साथियों बात अगर हम देश को राममय करने 17 अप्रैल 2024 रामनवमी के दिन विशाल कार्यक्रम और सूर्यभिषेक करने की करें तो, अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई महीनों से भंडारे चल रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इनमें से कई भंडारे 17 अप्रैल 2024 रामनवमी तक जारी रहेंगे। अयोध?या में इस समय अनेक छोटी-बड़ी रसोइयां चल रही हैं।

यूं कहें कि पूरा अयोध्या ही श्रद्धालुओं को भोजन कराने के लिए सीता की रसोई में बदला हुआ है ।हर दिन लाखों श्रद्धालु इन भंडारों और रसोइयों में भोजन कर रहे हैं। कमाल की बात ये है कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी ये सारे भंडारे और रसोइयां बंद नहीं हुई, बल्कि इनमें से कई भंडारे रामनवमी तक चलेंगे ।ताकि इस दौरान रामलला के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु आसानी से भोजन कर सकें ।जानकारी के मुताबिक अयोध्यामें भंडारे रामनवमी तक जारी रहेंगे और इनमें रोजाना अनेक श्रद्धालु भोजन कर सकेंगे।

इन भंडारों के लिए महीनों से कई ट्रकों के जरिए रसद देश भर से पहुंच रहे हैं। अयोध्या में चल रह भंडारों का मेन्यू भी बहुत खास है। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से आ रहे श्रद्धालुओं की भोजन की भिन्न भिन्न आदतों को देखते हुए मेन्यू भी बहुत खास रखा गया है ।इन भंडारों के मेन्यू में विभिन्न प्रदेशों के लोकप्रिय भोजन शामिल हैं ।जैसे पंजाब के छोले भटूरे, छोले कुलचे, दक्षिण का इडली-डोसा, उत्तपम, दिल्ली का राजमा चावल, कढ़ी चावल, पूरी सब्जी से लेकर सादा भोजन तक इन भंडारों में मिल रहा है।

साथियों बात अगर हम 17 अप्रैल 2024 को प्रभु श्री राम सूर्य से सूर्यभिषेक करने की करें तो राम मंदिर स्थापत्य का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करने के साथ अति उन्नत वैज्ञानिक युक्ति का भी परिचायक है।

यह वैशिष्ट्य प्रत्येक वर्ष राम जन्मोत्सव के अवसर पर परिभाषित होगा, जब सूर्य की रश्मियां तीन तल के राम मंदिर के भूतल पर पर स्थापित रामलला के ललाट पर उतरकर उनका अभिषेक करेंगी।

# शार्ट न्यूज

## झांसी में 10 साल का बच्चा गड्ढे में डूबा

झांसी। झांसी में 10 साल के बच्चे की गंदे पानी के गड्ढे में डूबकर हुई मौत का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि बच्चा गड्ढे में गिर जाता है और उसकी तड़प कर मौत हो जाती है। बच्चा गड्ढे से बाहर निकलने की काफी कोशिश करता है, लेकिन निकल नहीं पाता। पूरी घटना के दौरान उसका 5 साल का भाई बाहर खड़ा था। उसने एक छड़ी से अपने भाई को बचाने की कोशिश भी, लेकिन सफल नहीं हुआ। इसके बाद छोटा भाई वहां से चला गया। घटना 13 अप्रैल की है, मगर वीडियो आज (16 अप्रैल) सामने आया है। वहीं, सोमवार को बच्चे की लाश जब पानी में ऊपर आई तो घटना का पता चला। सीसीटीवी फुटेज सामने आने से पहले बच्चे की मौत को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे थे। लेकिन सीसीटीवी फुटेज से साफ हो गया कि यह हादसा था। मामला गुरसराय थाना क्षेत्र का है। मडोरी गांव के नरेश उर्फ कल्लू आदिवासी रहते हैं। उनका 10 साल का बेटा नितिक तीसरी कक्षा में पढ़ता था। नरेश के चचेरे भाई राहुल ने बताया, 13 अप्रैल को नितिक घर से 150 मीटर दूर एक दुकान में समोसा लेने गया था। उसके साथ चचेरा भाई 5 साल का लुंटी भी था। दोनों खेलते हुए अस्ता रोड की तरफ चले गए।

## फोन पर लड़के से बात करने पर बेटी की हत्या

लखनऊ। लखनऊ में 14 साल की बेटी की एक बाप ने हंसिया से वार करके हत्या कर दी। वह फोन पर किसी लड़के से बात करने को लेकर नाराज था। सोमवार देर रात गुडंबा के मायापुरी में सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया है। आरोपी पिता को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में परिजनों से पूछताछ की। इसमें पता चला कि किशोरी पूजा किसी लड़के से बात करती थी। रात में इसी बात को लेकर दोनों में देर रात विवाद हुआ। इसी के बाद से गुस्साए पिता संजय ने अपनी बड़ी बेटी की हत्या कर दी। इस दौरान पीटने के साथ में हंसिया से भी वार करने की बात सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि घर के बच्चों से पूछताछ करने पर पता चला कि बाप ने ही हत्या की है। घटना के समय पूजा की मां घर पर नहीं थी। वह लखीमपुर अपने मायके गई थी। पुलिस उपायुक्त,उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि रात के समय में घटना हुई थी । डायल 112 पर पुलिस को सूचना मिली कि 14 वर्षीय लड़की अपने घर में मृत पड़ी है। मौके पर पुलिस पहुंची। इस दौरान जांच में पता चला कि हत्या लड़की के पिता ने ही की है, जो किसी लड़के से बात करती थी।

## चेकिंग के दौरान कार से तीन लाख बरामद

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले में 2024 के लोकसभा उपचुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीम का गठन किया गया है। आजमगढ़ सदर में गठित तीन फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम लगातार गाड़ियों की चेकिंग करने के साथ-साथ छापेमारी भी कर रही है। इसी क्रम में पहली टीम के प्रभारी राम तीरथ की संयुक्त टीम ने जुनैदगंज बैरियर पर चेकिंग के दौरान सफेद कार से तीन लाख नगद बरामद किया है। टीम ने जब कार को रोककर चेकिंग करना शुरू किया तो एक बैग में रखा पैसा बरामद किया गया जिसका कोई सही जवाब कार में बैठे लोग नहीं दे पाए। इस कार में ड्राइवर दीपक सिंह और दो अन्य लोग अजय कुमार गुप्ता और करीम अहमद भी बैठे थे। फ्लाइंग स्क्वायड टीम की पूछताछ में ड्राइवर दीपक सिंह ने बताया किया सारा पैसा मेरा है। पर जब इसको लेकर टीम ने सबूत मांगे तो कोई भी साथ दीपक सिंह प्रस्तुत नहीं कर सके। ऐसे में पूरे पैसे को जप्त किया गया है। इसके साथ ही एसडीएम सदर के निर्देश पर जिले के कोषागार में तीन लाख रुपया जमा कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में चल रही छापेमारी के दौरान यह पहली सफलता फस्ट टीम को लगी है। जिले के निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज का कहना है कि लोकसभा चुनाव के दौरान लगातार एफएसटी की टीम सक्रिय रहेगी। और गाड़ियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

## बलरामपुर में फूस के घर में लगी आग

बलरामपुर। बलरामपुर में मंगलवार की दोपहर आग लगने से फूस का घर जल गया। जिसमें 3 साल की बच्ची की झुलस कर मौत हो गई है। बच्ची की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना हरैया थाना क्षेत्र के बलोहवा की है। बलोहवा के रहने वाले कंधईलाल के घर में अचानक आग लग गई। आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक तीन वर्षीय बच्ची ज्योति की झुलस कर मौत हो चुकी थी। साथ ही घर का सामान जलकर राख हो गया। बच्ची की मां ने बताया कि उसकी बेटी ज्योति (3) दूसरे घर पर खेलने गई थी और वह घर पर लेटी हुई थी। जब आग लगने की सूचना मिली तो वह ढूंढने लगी, लेकिन वह ढूंढने पर नहीं मिली। बाद में उसी में झुलसी हुई मिली और उसकी मृत हो चुकी थी। हरैया के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बलोहवा मे कंधईलाल के घर अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें उसकी तीन वर्षीय बच्ची की झुलस कर मौत हो गई है। पुलिस ने गांव वालों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है। बच्ची की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उच्च अधिकारियों ने गांव में जाकर परिजनों से मुलाकात की है। परिवार को समुचित सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## शाहजहांपुर में किसान ने बाग में लगाई फांसी

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में एक किसान ने बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, किसान पर चार बेटियों की जिम्मेदारी थी, तीन बीघा खेत पर डेढ़ लाख का लोन लिया था। उसको भी अदा नहीं कर पा रहा था। बेटी की शादी तय कर दी थी, गोद भराई की रस्म पर हो गई थी, लेकिन पैसे की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन किया था, लेकिन नाम नहीं आया। बेटे ने बताया कि इतनी परेशानियों के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कांट क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव में रहने वाले 50 साल के रामासरे पत्नी गुड्डी देवी और चार बेटी और एक बेटे के साथ रहते थे। तीन बीघा खेत पर फसल लगाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। खेती के सहारे रामासरे बेटी की शादी नहीं कर पा रहे थे। कई बार अपनी दिक्कतों को उन्होंने अपने करीबियों और बेटे और बेटियों के सामने रखा था। कल परिवार के लोग खेत पर गए इधर रामासरे घर से निकल गए। रात में उन्होंने बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीणों ने शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देते हुए शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर आए परिजनों ने बताया कि, रामासरे की बेटियां मोना, महिमा, संजना और काव्या और बेटा शिवांशु पिता के साथ खेत में उनका हाथ बंटाता है।

## पुलिस ने पकड़ी पटाखे की अवैध फैक्ट्री

सोनभद्र। सोनभद्र के रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र में गिरिया गांव मे पटाखे की अवैध फैक्ट्री का पुलिस ने खुलासा किया है। इसको संचालित करने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में पटाखा और निर्माण सामग्री बरामद की गई है।पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के साथ अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की तरफ से लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत रामपुर बररकोनिया पुलिस की टीम को मुखबिर द्वारा सोमवार को सूचना मिली कि गिरिया ग्राम पंचायत अंतर्गत टोला मंठहवा स्थित एक कच्चे खपरैल के मकान में अवैध तरीके से पटाखा फैक्ट्री संचालित किए जा रहा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छापेमारी की तो वहां हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद मिले दो व्यक्तियों जाबिद अली उर्फ मोनू और खुर्शीद अली पुत्र स्व. मु. लतीफ निवासी गिरिया टोला मंठहवा, थाना रामपुर बरकोनिया को गिरफ्तार करने के साथ ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री और निर्मित पटाखे को कब्जे में लिया गया। मामले में धारा 5/9(ख) विस्फोटक अधिनियम 1984 के तहत मामला दर्ज करते हुए पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

# आम आदमी को राम-राम, माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य

बिजनौर। किसी दल विशेष का नाम लिये बगैर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार प्रदेश की जनता की सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर हैं और माफिया तत्वों को नेस्तानाबूद करने में भी समय नहीं लगाती है।

नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन कल है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे।

योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया। उन्होने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया



एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया। एक तरफ समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस के दलों का गठजोड़ है, दूसरी तरफ 140 करोड़ भारतीयों व महापुरुषों को सम्मान देने वाला भाजपा गठबंधन है।

कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया तो पीएम मोदी ने भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया। संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे। शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहेगा। तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। बिजनौर की मेरठ व नजीमाबाद से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। काफी हद तक बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया, शेष का भी जल्द समाधान करेंगे। एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया।

समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं। महिला, वृद्धों, दिव्यांगजनों को पेंशन, कन्या सुमंगला योजना के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेसिक शिक्षा परिषद के 1.91 करोड़ बच्चों के लिए फ्री में यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, शॉक्स, मिल रहे हैं।

# दूसरे चरण में 46 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

### 91 में से 21 प्रत्याशी का क्रिमिनल रिकॉर्ड; हेमा मालिनी सबसे अमीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 8 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 91 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया जो अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे है।




उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 91 में से 21 (23 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें से 18त्न उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए गए है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाये तो बहुजन समाज पार्टी के 8 में से 3 (38 प्रतिशत), बीजेपी के 7 में से 2 ( 29 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी के 4 में से 4 (100 प्रतिशत) , कांग्रेस के 4 में से 2 (50त्न) , राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 3 में से 2 (67 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं।

उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलों में बहुजन समाज पार्टी के 25 प्रतिशत, बीजेपी के 29 प्रतिशत, समाजवादी पार्टी के 50 प्रतिशत, कांग्रेस के 50 प्रतिशत, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 33 प्रतिशत, उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

आपराधिक मामलों में पंडित केशवदेव गौतम जो अलिगढ़ से निर्दली चुनाव लड़ रहे है। उनके ऊपर 5 आपराधिक मामले दर्ज है। दूसरे नम्बर पर आपराधिक छवि के उम्मीदवार में अमरपाल हैं। जो बागपत से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार है। इनके ऊपर 9 आपराधिक मामले है वही तीसरे नंबर पर हाजी अफज़ल जो मेरठ से सबसे अच्छी पार्टी के उम्मीदवार है जिनके ऊपर 2 आपराधिक मामले पंजीकृत है। अगर हम करोडपति उम्मीदवारों की बात करे तो 91 में से 42 यानी 46त्न उम्मीदवार करोड़पति हैं।

बहुजन समाज पार्टी के 8 में से 8 (100 प्रतिशत), बीजेपी के 7 में से 7 (100 प्रतिशत), समाजवादी पार्टी के 4 में से 4 (100 प्रतिशत), कांग्रेस के 4 में से 3 (75 प्रतिशत), जय हिन्द नेशनल पार्टी के 2 में से 2(100 प्रतिशत), और समाज विकास क्रांति पार्टी के 1 में से 1 (100 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के दुसरे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 10.05 करोड़ है। मुख्य दलों में बहुजन समाज पार्टी के 8 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 10.75 करोड़ है। बीजेपी के 7 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 91.23 करोड़ है समाजवादी पार्टी के 4 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 17.34 करोड़ है। वहीं कांग्रेस के 4 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.56 करोड़ है।

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रत्याशियों में मथुरा से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रही हेमा मालिनी हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 278 करोड़ है। इसी तरह से सतीश कुमार गौतम, अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति 16 करोड़ है। वहीं मेरठ लोकसभा सीट से देववर्त, बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति 5 करोड के आसपास हैं।

# चंदौली में 20 एकड़ गेंहू जलकर खाक



**चंदौली।** चंदौली जिला मुख्यालय से सटे नेगुरा और जसुरी गांव के सीवान के बीच मंगलवार को गेंहू के खेत में अचानक आग की तेज लपट उठने लगी। घटना को देख आसपास के लोग गेंहू के खेत की तरफ दौड़ पड़े। लेकिन हवा की तेज रफ्तार के चलते आग बढ़ती गई। ऐसे में देखते ही देखते करीब 20 एकड़ गेंहू की फसल जलकर खाक में तब्दील हो गई। ग्रामीणों की माने तो बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही हैं। वहीं बिजली विभाग के अफसरों ने बताया कि दोपहर में बिजली की आपूर्ति ठप रहती हैं। ऐसे में आग अज्ञात कारणों से लगी होगी। चंदौली जिले में आग का कहर लगातार जारी है। मंगलवार को सदर ब्लाक स्थित कोट के सिवान में गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे की तकरीबन 20 एकड़ गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने नहीं आरोप लगाया की सूचना देने के बाद भी फायर ब्रिग्रेड की टीम काफी विलंब से पहुंची। जिसके चलते उन्हे काफी क्षति उठाना पड़ा हैं। बताया कि लोगों ने अपने निजी संसाधनों के सहारे आग पर काबू पाया हैं। ग्रामीणों ने उचित मुआवजा के लिए जिला प्रशासन से मांग की, कहां कि जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के उदासीनता का नतीजा है। जिससे जनपद मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की कमी है।

## घर में घुसकर नाबालिग से रेप

महोबा। महोबा में घर में घुसकर नाबालिग के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की चीख पुकार पर बचाव करने पहुंची उसकी बड़ी बहन के साथ दबंग ने छेड़खानी भी कर दी और जब इसकी शिकायत लेकर पीड़ित परिवार आरोपी के घर पहुंचा तो दबंगों ने लाठी डंडों से पीड़िता और उसके भाई-बहन के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित परिवार के साथ हुई मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस मामले में तहरीर के बावजूद भी स्थानीय पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी और उसके परिवार पर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे हताश और परेशान पीड़िता अपनी बहन और भाई के साथ पूरे मामले की शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और न्याय की मांग कर रही है। जबकि पुलिस इस मामले को पारिवारिक जमीनी विवाद बता रही है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां घर में अकेली 16 साल की नाबालिग के साथ गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने का आरोप लगा है। यह घटना बीते दिनों की बताई जा रही है। बताया जाता है कि पीड़िता अपनी बड़ी बहन और भाई के साथ गांव में निवास करती है। आरोप है कि बीते रोज उसका चचेरा भाई अमित उस समय घर में घुस आया जब 16 साल पीड़िता घर में अकेली थी। आरोप है कि उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। तभी उसकी चीख पुकार सुन अचानक उसकी 17 वर्षीय बड़ी बहन मौके पर पहुंच गई।

## लग्जरी कार दिखाकर डॉक्टर से लाखों की ठगी

**मेरठ।** मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र में एक डॉक्टर से लग्जरी कार दिखाकर लाखों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। जहां कार बुक करने के नाम पर मोटी रकम लेकर डॉक्टर को फर्जी रसीदें थमा दी गई, जब डॉक्टर कार डिलीवरी लेने पहुंचा तो डॉक्टर के साथ हुई ठगी की पोल खुली, जिसके बाद पीड़ित ने शोरूम मालिक सहित मैनेजर और सेल्स एग्जीक्यूटिव के खिलाफ धोखाधड़ी की तहरीर, जिसके बाद पुलिस ने मामले ।की जांच शुरू कर दी है। जानी थाना क्षेत्र स्थित गांव बाफर के रहने वाले डॉक्टर लोकेंद्र सिंह चौहान बागपत रोड स्थित एक अस्पताल के मालिक हैं। लोकेंद्र का आरोप है कि उन्हें एक लग्जरी कर खरीदनी थी।

# प्रतापगढ़ में विवाहिता ने लगाई फांसी

### मायके वालों ने ससुरालजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया, पहले हुआ था समझौता

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के शरीर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। मृतका के मायके वालो ने ससुरालजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया।

ये देहात कोतवाली के सराय बहेलिया गांव की घटना है। प्रतापगढ़ में विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें, नीलम पुष्पाकर (24) की शादी 10 फरवरी 2023 को राहुल पुष्पाकर के साथ हुई थी। मृतक विवाहिता वाराणसी के ग्राम बाराडीह कालीका बाजार थाना कपसेठी की निवासी है। ससुरालजनों ने शादी के 3 महीने बाद से ही मृतका को मारपीट कर प्रताड़ित किया। मायके वालों ने ससुरालजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। कार्यवाही के लिए पहले ही कपसेठी थाने में तहरीर दे चुके थे।

### तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी

कपसेठी थाने में पहुंचकर ससुराल वालों ने मायके पक्ष से गलती स्वीकार करते हुए आपस में समझौता कर लिया था। मृतका के भाई राजन ने बताया कि ग्राम प्रधान का फोन आया कि नीलम की तबीयत बहुत खराब है। आप लोग मौके पर पहुंचे। रात 11 बजे मौके पर पहुंचते ही घटना देखकर मायके वालों के होश उड़ गये। भुपियामऊ चौकी प्रभारी राहुल कुमार ने सुबह लगभग 12 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली देहात थाना प्रभारी विनीत उपाध्याय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# पहले पीटा फिर तेजाब पिलाकर विवाहिता की कर दी हत्या

**मेरठ।** मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित जेदी फॉर्म में विवाहिता की उसके ससुराल वालों ने पिटाई करने के बाद तेजाब पिलाकर हत्या कर दी। जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोग महिला के शव का दफनाने के लिए चल दिए। मामले की जानकारी मिलने पर विवाहिता के मायके वाले पहुंच गए और शव को रास्ते में रोककर हंगामा कर दिया। ससुराल पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी।

गाजियाबाद स्थित मोदीनगर की रहने वाली मनीषा की शादी आठ महीने पहले नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित जैदी फार्म निवासी जावेद के साथ हुई थी। मनीषा के मायके वालों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही जावेद व उसके परिवार वाले दहेज कम लाने का आरोप लगाकर मनीषा



का उत्पीड़न करने लगे जिसको लेकर कितनी बार पंचायत भी हुई थी। विवाहिता के भाई ने बताया कि सोमवार को जावेद अपनी मां के साथ मिलकर उसकी बहन की पिटाई कर दी थी। बहन द्वारा जानकारी मिलने पर उन्होंने मनीषा को समझकर शांत कर दिया था।

### ससुराल पक्ष के लोग जनाजे को बीच सड़क पर छोड़कर फरार

विवाहिता के भाई का आरोप है कि आरोपियों ने इसी का फायदा उठाकर उसकी बहन को टॉयलेट में रखा तेजाब पिला दिया और उसकी हत्या कर दी। आरोपी जब विवाहिता के जनाजे को लेकर दफनाने जा रहे थे तभी मायके पक्ष के लोग पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग जनाजे को बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गए।

### विवाहिता के मायके पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगा रहे

जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पीड़ित परिवार द्वारा मिली तहरीर के आधार पर पति और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा कायम कर दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। नौचंदी थाना प्रभारी का कहना है कि विवाहिता के मायके पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगा रहे हैं शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## पुल के नीचे मिला होमगार्ड का शव

श्रावस्ती। श्रावस्ती के इकौना क्षेत्र में सुबह छोटी नहर पुल के नीचे एक होमगार्ड का शव मिलने से सनसनी फैल गई। दरअसल बीती शाम ड्यूटी के बाद होमगार्ड वापस घर नहीं लौटा था। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। फिलहाल पुलिस ने होमगार्ड के को शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। इकौना थाना क्षेत्र के रामपुर बनकट टड़वा महंत निवासी बुद्धि सागर शुक्ला इकौना थाने पर काफी समय से होमगार्ड के पद पर तैनात थे। वहीं बीते दिन होमगार्ड जवान परसौरा बैंक ड्यूटी करने गए थे। इसके बाद वापस जब वह घर नहीं लौटे तो परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। आज सुबह उनका शव कंजड़वा गांव के पूरब पुल के नीचे मिला है। वहीं सूचना के बाद परिजनों के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची है। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए हैं। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का जायजा लिया है। वहीं परिजनों के मुताबिक मृतक होमगार्ड ने बैंक से कुछ पैसे भी निकाले थे।

# नशीला पदार्थ सुंघाकर बीमार महिला का अपहरण

**मेरठ।** मेरठ टीपीनगर के रामबाग कॉलोनी की रहने वाली एक महिला जिला अस्पताल से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला को बीमारी के चलते उसके परिवार वालों ने 6 अप्रैल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़ित परिवार थाने से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत कर चुका है, लेकिन पुलिस महिला का पता लगाने में नाकाम रही।

जिसके चलते पीड़ित परिवार ने मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। महिला के साथ अनहोनी की आशंका के चलते बरामदगी की मांग की है।

रामबाग कॉलोनी के मोहल्ला साबुन गोदाम के रहने वाले राकेश सैनी ने बताया कि उसने अपनी पत्नी बबीता सैनी को बीमारी के चलते 6 अप्रैल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। राकेश ने बताया कि वह 7 अप्रैल को घर खाना खाने पहुंचा तभी उसकी पत्नी को एक बुर्का पहने महिला अपने साथी युवक के साथ मिलकर नशीला पदार्थ सूंघाकर ई-रिक्शा में डालकर ले गई। पीड़ित राकेश ने बताया कि तभी से वह देहली गेट थाने के चक्कर काट रहे हैं और मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी कर चुके हैं लेकिन उनकी पत्नी का पुलिस पता नहीं लगा पाई है। राकेश ने बताया कि उन्हें अपनी पत्नी बबीता के साथ अनहोनी की आशंका है मंगलवार को भारी संख्या में मोहल्ला साबुन गोदाम के लोग इकट्ठा होकर एसएसपी ऑफिस पहुंच गए और प्रदर्शन कर दिया।

राकेश के छोटे भाई कपिल सैनी का आरोप है कि मामले की बार-बार शिकायत और सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के बाद भी देहली गेट पुलिस उनकी भाभी के बारे में जानकारी नहीं जुटा पा रही है और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रही है उन्हें डर है कि उनकी भाभी के साथ कोई अनहोनी घटना न घट जाए। कपिल ने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल से तीन लोग घायल हो चुके हैं जिनका अभी तक कोई पता नहीं चला है।

## शार्ट न्यूज

### वोडाफोन आइडिया का एफपीओ 18 अप्रैल को खुलेगा

अहमदाबाद। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ('वीआई') का एफपीओ 18 अप्रैल को खुलेगा। कंपनी की ओर से मंगलवार को यहां जारी एक बयान के अनुसार कंपनी का एफपीओ 18 अप्रैल गुरुवार को खुलेगा और 22 अप्रैल सोमवार को बंद होगा। इसमें कुल ऑफर साइज़ में 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। ऑफर का प्राइस बैंड 10 से 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 1298 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख 16 अप्रैल मंगलवार होगी। कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों की फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है जिसमें अपने नेटवर्क बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 12,750 करोड़ रुपये से उपकरणों की खरीद, जिसमें नई 4जी साइटें स्थापित करना शामिल है। मौजूदा 4जी साइटों और नई 4जी साइटों की क्षमता का विस्तार करना और नई 5जी साइटों की स्थापना करना तथा दूरसंचार विभाग को स्पेक्ट्रम के लिए कुछ आस्थगित भुगतान और उस पर जीएसटी की राशि 2175 करोड़ और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शामिल है।

### डेयरी ऋण योजना को लेकर भ्रामक जानकारी से नाबार्ड ने किया सतर्क

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 'नाबार्ड डेयरी ऋण योजना' के बारे में वर्तमान में फैलाई जा रही गलत सूचना से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस संबंध में नाबार्ड ने स्पष्टीकरण जारी करते हुये उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि नाबार्ड डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है। नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया गया है।

### पीएचएफ लीजिंग ने जुटाये एक करोड़ डॉलर

नयी दिल्ली । जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड (पीएचएफ) ने इक्विटी और ऋण मिलाकर एक करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इसमें लगभग 60 प्रतिशत इक्विटी और 40 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का उपयोग कंपनी की वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। पीएचएफ लीजिंग जमा स्वीकार करने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति के लिए बंधक ऋण (एलएपी) प्रदान करती है और ई-वाहनों का वित्तपोषण करती है। मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी ङ्क दुपहिया वाहन शामिल है। वर्तमान में पीएचएफ लीजिंग के साथ काम करने वाले कुछ ऋणदाताओं में एसबीआई, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एमएएस फाइनेंशियल सर्विसेज, एंबिट फिनवेस्ट, इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज, श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस, यूनिकॉम फिनकॉर्प और ग्रोमनी कैपिटल शामिल हैं।

### टेस्ला में जा सकती है 14,000 कर्मचारियों की नौकरी, कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष का इस्तीफा

नई दिल्ली। एलन मस्क के स्वामित्व वाली इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रही है। कंपनी भूमिकाओं के दोहराव का हवाला देते हुए अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 10त्न से अधिक की छंटनी करने की योजना पर काम कर रही है। अगर यह फैसला लागू किया जाता है तो इससे 14,000 लोगों की नौकरी जा सकती है। electrick.com की ओर से देखे गए एक एक आंतरिक ईमेल में, सीईओ मस्क ने कहा कि तेज विकास के कारण कंपनी में भूमिकाओं का दोहराव हुआ है और विकास के अगले चरण के लिए लागत में कमी जरूरी हो गई है। मस्क ने लिखा, जैसा कि हम कंपनी को विकास के अगले चरण के लिए तैयार करते हैं, ऐसे में लागत में कटौती समेत उत्पादकता बढ़ाने के लिए कंपनी के हर पहलू को देखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रयास के तहत हमने संगठन की गहन समीक्षा की है और वैश्विक स्तर पर अपने कर्मचारियों की संख्या को 10 प्रतिशत से अधिक घटाने का कठिन निर्णय लिया है। ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे मैं बहुत अधिक पसंद नहीं करता हूं, लेकिन यह किया जाना चाहिए।

### एफडी पर सीनियर सिटिजन से 27000 करोड़ टैक्स

नई दिल्ली/मुंबई। देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने कहा कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में फिक्स्ड डिपॉजिट (सावधि जमा) से अर्जित ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27 हजार करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि 143 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के अंत में 14 लाख करोड़ से 34 लाख करोड़ हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण वरिष्ठ नागरिकों के बीच सावधि जमा में निवेश करने की रुचि बढ़ी है, क्योंकि इसी अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से कम से कम 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि है, और यह मानते हुए कि जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलता है, वरिष्ठ नागरिकों ने अकेले ब्याज के रूप में वित्त वर्ष 24 में 2.7 लाख करोड़ कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना से शेष शामिल हैं। देश में केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी (29 फरवरी, 2024) बढ़कर 91.6 करोड़ हुई।

# ब्याज दर में जल्द कटौती नहीं होने की आशंका में गिरा बाजार

**मुंबई।** अमेरिका में मार्च की खुदरा बिक्री के आंकड़े उम्मीद से अधिक मजबूत रहने से फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में जल्द कटौती शुरू नहीं करने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समेत दस समूहों में बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 456.10 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 72,943.68 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत बढ़कर 40,315.36 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत उछलकर 45,423.98 अंक पर पहुंच गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1568 में गिरावट जबकि 2250 के शेयरों में तेजी रही वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 हरे निशान पर बंद हुई।

बीएसई के 10 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 0.24, वित्तीय सेवाएं 0.27, आईटी 2.32, दूरसंचार 0.40, बैंकिंग 0.50, कैपिटल गुड्स 0.26, धातु 0.36, रियल्टी 0.33, टेक 2.09 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत टूट गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.49, जर्मनी का डैक्स 1.45, जापान का निक्केई 1.94, हांगकांग का हैंगसेंग 2.12, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.28 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.65 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 508 अंक की भारी गिरावट के साथ 72,892.14 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,135.43 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 72,685.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 73,399.78 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत टूटकर 72,943.68 अंक रह गया।

निफ्टी 147 अंक उतरकर 22,125.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,213.75 अंक के उच्चतम जबकि 22,079.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,272.50 अंक की तुलना में 0.56 प्रतिशत गिरकर 22,147.90 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में इंफोसिस 3.65, इंडसइंड बैंक 3.12, विप्रो 2.32, बजाज फिनसर्व 2.31, एचसीएल टेक 1.94, टेक महिंद्रा 1.90, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.77, टीसीएस 1.76, एलटी 1.55, आईसीआईसीआई बैंक 1.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.02, एसबीआई 0.65, टाटा मोटर्स 0.63, एनटीपीसी 0.54, टाटा स्टील 0.53 और कोटक बैंक 0.14 प्रतिशत शामिल रहे।

वहीं, टाइटन 1.26, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.20, एचडीएफसी बैंक 0.97, मारुति 0.62, पावरग्रिड 0.07, रिलायंस 0.05 और आईटीसी ने 0.01 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## ड्रोन डेस्टिनेशन ने की व्यापक विस्तार की घोषणा

नयी दिल्ली। ड्रोन क्षेत्र की कंपनी ड्रोन डेस्टिनेशन ने आज ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करने की अपनी रणनीतिक पहल 'एवरीथिंग ड्रोन्स' के तहत व्यापक पैमाने पर विस्तार की घोषणा की।

कंपनी के अध्यक्ष आलोक शर्मा ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि कंपनी की योजना भारत में फिक्स्ड और मोबाइल 'ड्रोन हब' का सबसे बड़ा नेटवर्क स्थापित करने की है जो 'एवरीथिंग ड्रोन्स' की पेशकश करेगा। अगले 3 महीनों में, कंपनी का लक्ष्य 250 ऐसे हब शुरू करने का है और अगले दो वर्षों में 1000 से अधिक ऐसे हब का नेटवर्क स्थापित करने का भी लक्ष्य है । यह नेटवर्क लागत प्रभावशीलता, दक्षता और टर्नअराउंड समय पर ध्यान केंद्रित करेगा।

उन्होंने कहा कि एवरीथिंग ड्रोन्स के तहत नई पहल शुरू की जा रही है जिसमें ड्रोन हब ऑन व्हील्स, ड्रोन शिक्षा, ड्रोन कौशल के साथ ही हबलफ्लाई बैटरीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी में 'नई ड्रोन बैटरी' आदि शामिल है1



उन्होंने कहा कि ड्रोन सॉकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से ड्रोन सॉकर का आयोजन किया जायेगा जो एक नया रोमांचक खेल है जिसे बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक, फिट या विकलांग लोग खेल सकते हैं। ड्रोन सॉकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल ड्रोन सॉकर एसोसिएशन का संस्थापक सदस्य है। पहली ड्रोन सॉकर विश्व कप चैंपियनशिप 2025 में कोरिया में आयोजित होने वाली है और ड्रोन डेस्टिनेशन के सहयोग से डीएसएआई इसके लिए एक भारतीय प्रतिनिधि टीम भेजेगा।

शर्मा ने कहा ड्रोन एक उभरता हुआ उद्योग है, इसमें कुछ महत्वपूर्ण कमियां हैं, जिन्हें हम, अग्रणी के रूप में, आज लॉन्च की जा रही पेशकशों के साथ दूर करना चाहते हैं। ड्रोन हब का अखिल भारतीय रोलआउट ऑन व्हील्स टर्नअराउंड टाइम पर ध्यान देने के साथ एवरीथिंगड्रोन की पेशकश करेगा। ड्रोन / ड्रोन सेवाओं से लेकर बिक्री के बाद और प्रशिक्षण तक, प्रत्येक पायलट को ड्रोन दोस्त जैसे कई कौशल पर प्रशिक्षित किया जाता है, जो कृषि -स्प्रे जैसी ड्रोन सेवाएं प्रदान करता है।

निष्क्रिय ड्रोन को ठीक करने के लिए ड्रोन डॉक्टर और स्थानीय युवाओं को ड्रोन पर प्रशिक्षण देने के लिए ड्रोन गुरु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप, आज लॉन्च की गई पेशकश देश में ड्रोन उद्योग के लिए स्वदेशी समाधान प्रदान करेगी मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लिए तथा दुनिया में भारत के तकनीकी नेतृत्व को और बढ़ावा देगा।

कंपनी के प्रबंध निदेशक चिराग शर्मा ने कहा, ड्रोन डेस्टिनेशन ने अपने सभी हितधारकों के प्रति विवेकशील रहकर और वित्तीय अनुशासन का पालन करके स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में एक उदाहरण स्थापित किया है। एवरीथिंगड्रोन्स के साथ आगे बढ़ते हुए लाभप्रदता सुनिश्चित करते हुए, हम कंपनी के विकास को सुपरचार्ज करने और एक ऐसा प्रभाव पैदा करने के लिए आश्वस्त हैं जो कृषि, सर्वेक्षण और मानचित्रण, स्मार्ट शहरों, रेल, सड़क, बंदरगाह जैसे बुनियादी ढांचे से लेकर कई उद्योगों में दिखाई देगा।, दूरसंचार, बिजली, उपयोगिताएँ, बीएफएसआई से लेकर लॉजिस्टिक्स और डिलीवरी और भी बहुत कुछ, ड्रोन तकनीक के साथ एआई जैसी नई पीढ़ी की तकनीक को जोड़कर, हम खुद को व्यवसायों के लिए पर्याप्त ईएसजी परिणाम प्रदान करते हुए देखते हैं, जो उद्योग परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है और उत्कृष्टता और नवाचार के लिए नए मानक स्थापित किए।

## रेल मंत्रालय को नहीं पता वंदे भारत ट्रेनों से कितना राजस्व आया

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय वंदे भारत ट्रेनों के राजस्व सृजन का अलग से कोई रिकॉर्ड नहीं रखता है। इसलिए उसे नहीं पता कि वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन से उसे कितना राजस्व प्राप्त हुआ। मंत्रालय ने सूचना के अधिकार के तहत पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही है। मध्य प्रदेश के चंद्रशेखर गौड़ ने पूछा था कि रेल मंत्रालय ने पिछले दो साल में वंदे भारत ट्रेनों से कितना राजस्व अर्जित किया है और क्या इससे उनके परिचालन पर कोई लाभ या हानि हुई है? इसके जवाब में रेल मंत्रालय ने कहा ट्रेनों के आधार पर राजस्व के आंकड़े एकत्र नहीं किए जाते। वंदे भारत देश की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है जिसे 15 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली और वाराणसी के बीच हरी झंडी दिखाई गई थी और आज 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 284 जिलों को कवर करते हुए 100 मार्गों पर 102 वंदे भारत ट्रेनें चलाई जा रही हैं। सोमवार को रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कि वंदे भारत ट्रेनों की लॉन्चिंग के बाद से करीब 2 करोड़ से अधिक लोगों ने यात्रा की है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में वंदे भारत ट्रेनों ने जो दूरी तय की है, वह पृथ्वी के 310 चक्कर लगाने के बराबर है। सूचना के अधिकार के तहत रेल मंत्रालय से सवाल करने वाले गौड़ ने आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि रेलवे वंदे भारत ट्रेनों द्वारा यात्रा करने वाले लोगों की संख्या और कवर की गई दूरी की जानकारी तो रखता है, लेकिन उनसे कितने राजस्व का सृजन हुआ, यह महत्वपूर्ण जानकारी नहीं रखता है। गौड़ ने कहा, रेलवे अधिकारी एक साल में वंदे भारत ट्रेन द्वारा तय की गई दूरी की गणना पृथ्वी के चारों ओर कुल चक्कर के मुकाबले कर सकते हैं, लेकिन उनके पास इन ट्रेनों से कितना राजस्व आया इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, वंदे भारत ट्रेनों से राजस्व सृजन की स्थिति का एक अलग रिकॉर्ड बनाए रखना रेलवे के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ये भारत की पहली सेमी-हाई स्पीड नई पीढ़ी की ट्रेनें हैं और इसकी लाभप्रदता से इसकी वास्तविक लोकप्रियता स्थापित होगी।

## वार्को लेग केयर ने पांच लाख डालर की प्रारंभिक पूंजी हासिल की

नयी दिल्ली। दिल्ली स्थित वार्को लेग केयर ने पांच लाख डॉलर (4.5 करोड़ रुपये से अधिक) की प्रारंभिक (सीड) पूंजी जुटाई है।

पांव की समस्याओं के नवप्रवर्तक समाधानों पर केंद्रित इस कंपनी ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उसे यह पूंजी पहले से दोगुना मूल्यांकन पर मिली है। बयान के मुताबिक कंपनी में सीड पूंजी निवेश के हाल में सम्पन्न दौर में शामिल निवेशकों में सुनिकॉन मेडेन फंड सबसे आगे रहा। यह सुनिकॉन वेंचर्स द्वारा संचालित एक प्रारंभिक चरण का उद्यम फंड है। वार्को लेग केयर नई जुटाई गयी बीज पूंजी का उपयोग विभिन्न मोर्चों पर रणनीतिक रूप से क्षमताओं को बढ़ाने के लिए करेगी जिसमें जिसमें ऑफ़लाइन टचप्वाइंट को बढ़ाना, अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पहल को आगे बढ़ाना और विपणन प्रयासों को स्केल करना और अनुकूलित करना शामिल है।

वर्को लेग केयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनोनदीप गांगुली ने कहा , हम अपने अनुसंधान एवं विकास की पहल के केंद्र में अपने मूल्यवान ग्राहकों की जरूरतों को रखना जारी रखेंगे।

सुनिकॉन वेंचर्स फाउंडिंग पार्टनर सलोनी जैन ने कहा, हमें पैरों की देखभाल में क्रांति लाने वाले भारत के पहले डिजिटल-देशी उपभोक्ता हेल्थकेयर ब्रांड, वार्को लेग केयर का समर्थन करने पर गर्व है। तीस वर्षों के अनुसंधान और एक मजबूत आईपी पोर्टफोलियो का दावा करने वाली टीम के साथ, वार्को मधुमेह संबंधी पैर और वैरिकोज़ नस के उपचार को बदलने के लिए तैयार है।

## महिला उद्यमियों पर ब्रिक्स सीसीआई वी की रिपोर्ट

नयी दिल्ली। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई वी ने न्यू एरा ऑफ ब्रिक्स-होरिजन्स इन टेक एंड बिजनेस फॉर वुमेन एंपावरमेंट शीर्षक से एक विशेष रिपोर्ट जारी की है जिसमें मौजूदा लिंग भेद और बाधाओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर बल दिया गया है।

रिपोर्ट में महिला उद्यमियों के लिए लक्षित सहयोग जैसी पहल की वकालत भी की गयी है साथ ही यह विविधता एवं समावेशिता को बढ़ावा देने और महिलाओं के बीच स्टेम शिक्षा को प्रोत्साहन देने पर भी जोर दिया गया है। सामूहिक प्रयासों और लक्षित पहल के जरिए ब्रिक्स देशों ने लिंग समानता बढ़ाने और समावेशी आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने का लक्ष्य रखा है।

यह रिपोर्ट शीएटवर्क और नॉलेज पार्टनर के तौर पर टेकआर्क के सहयोग से तैयार की गयी है। इसको पूर्व ब्रिक्स शेरपा और भारत सरकार के सचिव रहे एएमबी संजय भट्टाचार्य द्वारा किया गया। इस मौके पर ब्रिक्स सीसीआई वी की अध्यक्ष एवं शीएटवर्क डॉटकॉम की संस्थापक रूबी सिन्हा ने कहा, जैसा कि सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं द्वारा टेक्नोलॉजी एवं उद्यमशीलता में की गई प्रगति का जश्न हम मना रहे हैं, यह रिपोर्ट प्रगति का एक प्रमाण होने के साथ ही कार्रवाई का आह्वान भी करती है। ब्रिक्स गठबंधन में नए सदस्यों के शामिल होने और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व होने के साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि हम टेक्नोलॉजी और कारोबार के क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल को प्राथमिकता दें। विश्वभर में महिलाओं के लिए उज्ज्वल, अधिक न्यायसंगत भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आइये हम नवप्रवर्तन एवं उद्यमशीलता की ताकत का दोहन करें। ब्रिक्स सीसीआई की संयुक्त निदेशक सुश्री अंकिता सचदेवा ने कहा, जैसा कि हमने 2023 में बिक्स का विस्तार होते देखा है, यह स्पष्ट है कि टेक और कारोबार क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल पूर्व के मुकाबले कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हमें ऐसी नीतियों और कार्यक्रमों की सतत वकालत करते रहना होगा जो संसाधनों, अवसरों और मार्गदर्शन तक महिलाओं की पहुंच का समर्थन करे।

सुश्री सिन्हा ने रिपोर्ट का उल्लेख करते हुये कहा कि भारत में स्टेम क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की उल्लेखनीय भूमिका है, लेकिन नेतृत्व भूमिका और वेंचर कैपिटल फंडिंग हासिल करने में उनके समक्ष चुनौतियां हैं जहां केवल 0.3 प्रतिशत स्टार्टअप फंडिंग मिल रही है। ब्राजील में उद्यमशीलता का जो ब्रह्मांड है उसके करीब 30 प्रतिशत का नेतृत्व या सृजन महिलाओं द्वारा किया गया है। ऐसे उपक्रम छोटे हैं और वित्त तक उनकी पहुंच सीमित है जिसमें टेक स्टार्टअप्स का केवल 9.8 प्रतिशत महिलाओं द्वारा स्थापित है। इसी तरह से रूस में प्रौद्योगिकी भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय है जहां 40 प्रतिशत अनुसंधानकर्ता महिलाएं हैं। हालांकि, महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स के लिए वेंचर कैपिटल फंडिंग निम्न स्तर पर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चीन में कुल विज्ञान कार्यबल में महिला विज्ञान कर्मचारी करीब 45 प्रतिशत हैं जिससे मानव अंतरिक्ष यान, अंतरिक्ष खोज, मेडिसिन, कंप्यूटर साइंस और विभिन्न अन्य क्षेत्रों सहित उल्लेखनीय प्रयासों में वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। दक्षिण अफ्रीका में प्रौद्योगिकी दिग्गजों में नेतृत्व स्थितियों में महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान है जिसमें 28 प्रतिशत नेतृत्व भूमिकाएं उनके पास हैं।

## पश्चिम एशिया संकट पर विमानन मंत्रालय सतर्क

### एयरलाइनों से जोखिम का मूल्यांकन करने को कहा

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने विमानन कंपनियों से अंतरराष्ट्रीय उड़ान परिचालनों पर अपने जोखिम का आकलन करने को कहा है। एयर इंडिया, विस्तारा, इंडिगो और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ने के बाद पश्चिम के लिए वैकल्पिक उड़ान मार्गों का विकल्प चुना है और ईरानी हवाई क्षेत्र से परहेज कर रहे हैं।

नागर विमानन सचिव वुमलुनमांग वुआलनाम ने मंगलवार को पीटीआई से बातचीत में बताया कि विमानन कंपनियों से कहा गया है कि वे उड़ान परिचालन के संदर्भ में खुद से जोखिम का आकलन करें। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) विमानन कंपनियों के साथ संपर्क बनाए हुए है और विदेश मंत्रालय के संपर्क में भी है।

सचिव उस सवाल के जवाब में यह बात कही कि क्या मंत्रालय या



डीजीसीए ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच एयरलाइंस को कोई परामर्श दिया है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद एयर इंडिया ने अपनी कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के आने-जाने के लिए वैकल्पिक उड़ान पथ का इस्तेमाल कर रहा है। विस्तारा ने भी पश्चिम एशिया के तनावपूर्ण माहौल के बादअपनी कुछ उड़ानों के लिए हवाई मार्ग में परिवर्तन किया है। इसके अलावा, एयर इंडिया ने तेल अवीव के लिए अपनी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। वैकल्पिक हवाई मार्गों के इस्तमाल से कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अवधि लगभग आधे घंटे बढ़ गई है।

पश्चिम एशिया संकट पर इक्रा में कॉर्पोरेट रेटिंग्स के उपाध्यक्ष और सेक्टर हेड सुप्रियो बनर्जी ने कहा कि वाणिज्यिक एयरलाइनों को नो-फ्लाई नियमों का पालन करने के लिए लंबा रास्ता अपनाना पड़ सकता है, जिससे ईंधन का खर्च बढ़ सकता है।

बनर्जी ने कहा, अगर समस्या बनी रहती है तो यह आगामी गर्मियों की छुट्टियों के दौरान अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को प्रभावित करेगा। ट्रैवल पोर्टल इक्सिगो के ग्रुप वीपी ग्रोथ मनन बाजोरिया ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के कारण उड़ानों के री-रूटिंग के परिणामस्वरूप यूरोप, मध्य पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया से आने-जाने वाली एयरलाइंस को लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा जो कि अधिक खर्चीला साबित हो सकता है।

बजोरिया ने कहा, लंबे समय तक मार्ग परिवर्तन से विमानन कंपनियों की ईंधन लागत बढ़ेगी और इन मार्गों पर हवाई किराए बढ़ सकते हैं।

बनर्जी ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रम कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव जारी रखेंगे इससे एटीएफ की कीमतों पर भी असर पड़ेगा, जो कोविड पूर्व की तुलना में पहले ही उच्च स्तर पर हैं। बीते वीकेंड पर, ईरान ने एक जवाबी हमला कहते हुए इस्राइल पर दर्जनों ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च की। इसके जवाब में सोमवार को इस्राइल ने कहा कि वह ईरान के हमले का जवाब देगा।

### भारतपे ने नलिन नेगी को अपना स्थायी सीईओ नियुक्त किया

नई दिल्ली। भारतपे ने नलिन नेगी को आधिकारिक तौर पर अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त कर दिया है। इससे पहले 15 महीनों से वे अंतरिम सीईओ और मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। नेगी, 2022 में भारतपे से जुड़े थे। भारत पे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के निष्कासन के बाद शीर्ष स्तर के कर्मचारियों की विदाई की श्रृंखला के बीच जनवरी 2023 में जब सुहेल समीर ने CEO का पद छोड़ा था तब से नेगी अंतरिम सीईओ के रूप में काम कर रहे थे। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा है कि नेगी के नेतृत्व में भारत पे के परिचालन राजस्व में वित्तीय वर्ष 2023 में करीब 182 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इस दौरान अक्तूबर महीने में पहली बार कंपनी का EBITDA सकारात्मक दायरे में आया। जल्द ही कंपनी नए सीएफओ का एलान कर सकती है।

## पश्चिम एशिया में तनाव की खबरों के बीच सोना-चांदी नए हाई पर

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख से मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और इनकी कीमतें अब तक के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना 700 रुपये उछलकर 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोमवार को सोना 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत 800 रुपये उछलकर 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, वैश्विक बाजार में तेजी के बीच दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रही है।

वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 15 डॉलर की तेजी के साथ 2,370 डॉलर प्रति औंस हो गया। पिछले हफ्ते इस्राइल पर ईरान के अभूतपूर्व हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच सोने और चांदी की मांग बढ़ती है, जिससे कीमतों में तेजी आई है।

वैश्विक बाजार में चांदी का भाव भी तेजी के साथ 28.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 28.25 डॉलर प्रति औंस के भाव पर बंद हुई। निवेशक पिछले सप्ताह अपेक्षा से अधिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों के बाद मंगलवार को आने वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के भाषण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इससे फेड के मौद्रिक नीति दृष्टिकोण का रुझान मिलेगा। शेयरखान के सहायक उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि अमेरिकी ट्रेजरी के मजबूत प्रतिफल और डॉलर की मजबूती से बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी सीमित रहेगी, पर इसमें उतार-चढ़ाव बना रहेगा। उधर, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में सोने के जून अनुबंध में 349 रुपये यानी 0.48 फीसदी की तेजी के साथ 72,626 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार होता दिखा। कारोबार के दौरान यह 72,927 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा सोने का अगस्त डिलीवरी अनुबंध 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा। हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का मई अनुबंध 314 रुपये यानी 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ 83,537 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था।

## शार्ट न्यूज

### आईआरएस ने जीता यमुना ट्राफी आफिसर्स कप

नयी दिल्ली। यमुना को साफ स्वच्छ रखने के संकल्प और पर्यावरण संरक्षण को लेकर नौवीं यमुना ट्राफी चैम्पियनशिप आफिसर्स कप के फाईनल में आईआरएस एकादश ने दानिक्स एकादश को 51 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा किया। अक्षरधाम के सीडब्लयूजी मैदान में माननीय न्यायाधीश संगीता ढींगरा सहगल (सीडीआरसी) दिल्ली स्टेट अध्यक्षा ने टॉस सिक्का उछालकर मैच की शुरुआत की। आईआरएस एकादश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 191 रन बनाए। इसके बाद आईआरएस के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए दानिक्स एकादश के सात विकेट चटकाते हुए उसने 140 के स्कोर पर रोककर मुकाबला 51 रनों से जीत लिया। इस अवसर पर इंडियन मीडिया वैलफेयर एसोसिएशन और आईडीएचसी सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जस्टिस सुधीर अग्रवाल, ज्यूडिशियल मेंबर एनजीटी, दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर अजय चौधरी ने विजेता टीम को विजेता ट्राफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान इम्वा अध्यक्ष राजीव निशाना, अजय कौल, विजय शर्मा, कर्नल नवाब सिंह, आचार्य विक्रमादित्य और गौतम पाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### मायकोलास ने डिस्कस थ्रो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, 74.35 मीटर दूर चक्का फेंका

रामोना (अमेरिका)। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच (74.35 मीटर) दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। 21 वर्षीय एलेक्ना कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जूनियर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप में दो बार पदक जीत चुके हैं। 2022 में उन्होंने रजत और बीते वर्ष उन्होंने कांस्य पदक जीता था। एलेक्ना ने अपने पिता वर्जीलियस एलेक्ना को भी पीछे धकेल दिया है। शुल्ट के बाद सर्वश्रेष्ठ थ्रो वर्जीलियस की 73.88 मीटर थी, जो अब तीसरे स्थान पर आ गई है। एलेक्ना ने यह रिकॉर्ड क्यूबा की यामे पेरेज की ओर से एक दिन पहले ही फेंकी गई महिलाओं की सर्वश्रेष्ठ थ्रो 73.09 के बाद बनाया है।

### सुरक्षा कारणों से ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में बदलाव संभव

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक के होने वाले उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों के चलते प्रस्तावित सीन नदी की जगह स्टेडियम में स्थानातंरित भी किया जा सकता है। पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक ओलंपिक और पैरालंपिक का आयोजन किया जाना है। फ्रांस को हाई अलर्ट पर रखा गया है क्योंकि इन आयोजनों के दौरान दुनिया भर से लोग पेरिस आएंगे। मूल कार्यक्रम के अनुसार सीन नदी के 6 किलोमीटर के रूट पर खुले आसमान के नीचे नावों पर 10,500 एथलीटों की परेड निकलेगी। ऐसा पहली बार हो रहा है कि ओलंपिक का उद्घाटन समारोह स्टेडियम के बाहर आयोजित किया जा रहा है। लगभग तीन लाख दर्शक नदी के किनारों से समारोह का अवलोकन कर सकेंगे। मैक्रों ने कहा कि अगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास बी और सी योजना भी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जोखिम को कम करने के मद्देनजर एथलीटों की परेड के कार्यक्रम को छोटा किया जा सकता है अथवा यह भी हो सकता है हम उद् घाटन समारोह को परंपरागत रूप से स्टेडियम में ही कराएं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी कार्यक्रम पूर्ववत है। विश्व में ऐसा पहली बार हो रहा है और हम ऐसा करेंगे।

### विजडन टॉप-5 क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में तीन ऑस्ट्रेलियाई

विजडन क्रिकेटर्स अलमानेक 2024 ने साल के टॉप-5 क्रिकेटर्स की लिस्ट जारी कर दी है। टॉप-5 क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में मिचेल स्टार्क, उस्मान ख्वाजा, एशले गार्डनर, ?हैरी ब्रूक और मार्क वुड शामिल हैं। विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड क्रिकेट का सबसे पुराना इंडिविजुअल अवॉर्ड है। विजडन 1889 से हर साल यह लिस्ट जारी कर रहा है। सिलेक्शन पिछले इंग्लिश सीजन में परफॉर्मेंस के आधार पर होता है। कोई भी खिलाड़ी एक से ज्यादा बार यह अवॉर्ड नहीं जीत सकता है। विजडन के एडिटर लॉरेंस बूथ ने मंगलवार को पांचों नामों की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और नैट साइवर-ब्रंट को विजडन लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्ड से सम्मानित किया गया है। विजडन लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्ड अवॉर्ड दुनिया के कुछ सबसे अनुभवी लेखकों और कमेंटेटर्स के परामर्श से विजडन क्रिकेटर्स अलमानेक के एडिटर द्वारा दिया जाता है। सिलेक्शन पिछले कैलेंडर ईयर में दुनिया भर में कहीं भी खिलाड़ी के परफॉर्मेंस पर आधार पर होता है। खिलाड़ी एक से ज्यादा बार अवॉर्ड जीत सकते हैं। कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया जून में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप जीता था।

### ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई पेरिस ओलिंपिक मशाल : 26 जुलाई से शुरू होगें गेम्स

पेरिस ओलिंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है। आज से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी। इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया। पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक प्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू भी मौजूद रहीं। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया। साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया। 1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है। पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था।

### तुर्किये में 3 महीनों से जहाज पर फंसे 12 भारतीय

भारत के 12 नाविक एजेंट्स के झांसे में आकर तुर्किये के एक जहाज पर फंस गए हैं। द न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक तुर्किये के इस्तांबुल के अंबरली बंदरगाह पर एमवी फातमा ईलूल नाम का जहाज फंसा है। इसमें भारत के 12 नाविक पिछले साढ़े तीन महीनों से बिना पैसों के गुजारा करने को मजबूर हैं। इन नाविकों को एजेंट्स ने ठगा है। जहाज के कैप्टन क्लीटस जेसुडासन ने गुहार लगाई है कि या तो हमें आजाद करा लो या हमें मार डालो। हम असहाय महसूस करते हैं, हमारे परिवार के पास गुजर-बसर के पैसे नहीं हैं। हमें जहाज नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। शिप के क्रू ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। नाविको को कहना है कि उन्हें नवी मुंबई और बेलापुर की RPSL कंपनीज NAMS शिप मैनेजमेंट कंपनी और RAS मैनेजमेंट कंपनी ने काम पर रखा था। ज्वाइनिंग के समय नहीं बताया गया था कि जहाज तुर्किये की अथॉरिटीज की गिरफ्त में है। दरअसल, जहाज के मालिक ने पुराने क्रू को सैलरी नहीं दी थी। जिसके बाद तुर्किये की लोकल अथॉरिटी ने एक्शन लेकर जहाज को अपने कब्जे में ले लिया था। एक अन्य नाविक कन्नन राजेंद्रन का कहना है कि जहाज पर चढ़ने के बाद, हमें एहसास हुआ कि जहाज लंबे समय से नहीं चल रहा था।

# मैक्सवेल ब्रेक लेकर स्वयं को करना चाहते थे तरोताजा

**एजेंसी**

मुम्बई। शारीरिक और मानसिक रूप से आराम की तलाश कर रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के धाकड़ बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रन नहीं उगल रहा है और इसलिये स्वयं को तरोताजा करने लिए उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ मुकाबले में उनकी जगह किसी और को चुनने की मांग की थी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात मैचों छठी हार के बाद मैक्सवेल ने कहा, व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए काफी आसान फैसला था। पिछले मैच के बाद मैं फाफ और कोच के पास गया और कहा कि शायद अब समय आ गया है कि मेरी जगह किसी और को आजमाया जाए। मैं ऐसी परिस्थितियों में पहले भी रहा हूं जहां लगातार खेलते हुए मैंने स्वयं को खराब परिस्थिति में पाया है। मेरे हिसाब से यह उचित समय है कि मैं ब्रेक लूं और स्वयं को मानसिक तथा शारीरिक रूप से तरोताजा करूं। टूर्नामेंट के दौरान यदि मेरी आवश्यकता होती है तो शायद मैं अच्छा योगदान दे पाऊंगा।



उन्होंने कहा, पावरप्ले के बाद हमारे खेल में बड़ा अंतर आता है और यही पिछले कुछ सत्र से मेरी सबसे बड़ी ताकत रही है। मुझे लगा कि मैं बल्ले से सकारात्मक तरीके से योगदान नहीं दे पा रहा था और हम जिस स्थिति में है उसे देखते हुए मुझे यही सही लगा कि मेरी जगह किसी और को मौका दिया जाए।

उन्होंने कहा, टी-20 क्रिकेट कई बार ऐसा हो सकता है। यदि आप पहले मैच को ही देखें तो मैंने बल्ले के बीच वाले हिस्से से कीपर को कैच थमाया। मैंने लेंथ अच्छे से पकड़ ली थी और रन बनाने का मौका देख लिया था, लेकिन बल्ले को अधिक खोल दिया। जब आप अच्छी लय में होते हैं तो यह कीपर से दूर जाती है और आपको बाउंड्री मिलती है।

उन्होंने कहा, शायद मैं अब तक लय ही नहीं पकड़ पाया। पहले कुछ मैचों में मुझे लगता है कि मैंने सही निर्णय लिये लेकिन फिर भी मैं आउट हो रहा था। टी-20 क्रिकेट में जब ऐसा होता है तो आप अधिक प्रयास करने लगते हैं और क्रिकेट के बेसिक को भूल जाते हैं। उन्होंने, वह एकदम अलग बात थी। उस समय मुझे सबसे अधिक दुख इस बात का था कि मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा था।

मैं एक स्पिनर के तौर पर खेल रहा था जिसका अंत में बल्ले के साथ उपयोग किया जा रहा था। हमारे पास केएल और मयंक थे, जो सत्र के सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजो में से एक थे। ऐसे में अंत में अधिक गेंदें नहीं बच रही थी। उस समय भी मैंने पंजाब प्रबंधन से यही कहा था कि मेरी जगह किसी विदेशी गेंदबाज को शामिल किया जाए। हालांकि, टीम में कोई ऑफ स्पिनर नहीं था। उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2024 में आते हुए मैक्सवेल शानदार फार्म में थे। नवंबर की शुरुआत से मैक्सवेल ने 17 टी-20 मैचों में 42.46 की औसत और लगभग 186 की स्ट्राइक-रेट से 552 रन बनाए और इस दौरान उन्होंने दो शतक भी लगाए थे।

## विनेश की मांग पूरी करने को आईओए आया आगे


नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ से लोहा लेने वाली महिला पहलवान विनेश फोगाट की मांग पूरी होती दिख रही है। उनके कोच वॉलर एकोस, फीजियोथेरेपिस्ट अश्वनी पाटिल और स्पारिंग पार्टनर (अभ्यास कराने वाले) पहलवान अरविंद का बिश्केक (किर्गिस्तान) में 19 अप्रैल से शुरू हो रहे ओलंपिक क्वालिफायर में साथ जा सकते हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ से बात कर तीनों का मान्यता कार्ड जारी कराने को कहा है। आयोजक भी तीनों को मान्यता कार्ड देने को तैयार हो गए हैं, लेकिन इसे जारी करने से पहले एकोस को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की कोचिंग लाइसेंस फीस भरनी होगी।
विनेश ने आरोप लगाया था कि उन्हें ओलंपिक में जाने से रोके जाने की साजिश रची जा रही है। उनके सपोर्ट स्टाफ को क्वालिफायर में साथ नहीं भेजे जाने के लिए उन्हें मान्यता कार्ड जारी नहीं किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि विनेश के आरोपों के बाद साई ने आईओए से इस दिशा में कदम उठाने को कहा। आईओए ने कुश्ती महासंघ से तीनों सपोर्ट स्टाफ का मान्यता कार्ड बनवाने का लिए कहा। कुश्ती महासंघ ने भी यूडब्ल्यूडब्ल्यू से बात कर तीनों का मान्यता कार्ड बनवाने को कहा। बतौर कोच टूर्नामेंट में शिरकत करने के लिए कोच के पास विश्व संस्था का लाइसेंस होना जरूरी है, जो एकोस के पास नहीं है। आयोजकों ने भी कहा है कि एकोस लाइसेंस फीस भर दें तो उन्हें मान्यता कार्ड जारी कर दिया जाएगा।
हंगरी के कोच वॉलर एकोस टोक्यो ओलंपिक के दौरान भी विनेश के साथ थे। तब कुश्ती महासंघ ने विनेश के खराब प्रदर्शन के पीछे एकोस को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि विनेश ने एकोस पर भरोसा जताते हुए उन्हें फिर अपने साथ जोड़ा है। एकोस को ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट ने विनेश को उपलब्ध कराया है।

### पेरिस ओलंपिक: इंग्लैंड ने की तैराकी टीम की घोषणा

लंदन। इंग्लैंड ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली पूल और मैराथन स्पर्धाओं के लिए अपनी 33 सदस्यीय तैराकी टीम की मंगलवार को घोषणा की। टीम में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन एडम पीटी, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टॉम डीन और जेम्स गाइ, ओलंपिक चैंपियन अन्ना हॉपकिन, कैथलीन डॉसन, फ्रेया एंडरसन और मैट रिचर्ड्स और टोक्यो ओलंपिक 2020 में चार पदक जीतने वाले डंकन स्कॉट का टीम में चयन किया गया है। मैराथन तैराकी के लिए टोक्यो 2020 ओलंपियन और फरवरी में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हेक्टर पार्डो को लगातार दूसरी ओलंपिक मैराथन तैराकी टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा 10 किमी की स्पर्धा में लीह क्रिस्प और टोबी रॉबिन्सन हिस्सा लेंगे। ब्रिटेन की 33 सदस्यीय टीम में सात ओलंपिक चैंपियन, नौ ओलंपिक पदक विजेता शामिल है और दस तैराक पदार्पण करेंगे।

## छक्के जड़ने में हैदराबाद के हैनरिक और चौकों में विराट है अव्वल

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छक्के लगाने में सनराइजर्स हैदराबाद के हैनरिक क्लासन ने सर्वाधिक 24 छक्के लगाये है वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 35 चौके के साथ शीर्ष पर है। आईपीएल के 30 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के छह मैचों में क्लासन ने सबसे अधिक 24 छक्के लगाये है। रॉयल चैलेंजर्स के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 35 चौके लगाकर सबसे आगे चल रहे है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 19 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 18-18 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली

कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15-15 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के विराट कोहली 14-14 छक्कों के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर है।

चौकों के मामले में विराट कोहली 35 चौकों के सबसे आगे है। उनके बाद रोहित शर्मा और ट्रैविस माइकल हेड 28-28 चौके दूसरे नंबर पर है। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन 25- 25 चौकों के साथ तीसरे, फाफ डु प्लेसिस 24 चौकों के साथ चौथे तथा फिल साल्ट और बी साई सुदर्शन 23-23 चौकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है।

ग्लेन मैक्सवैल, यशस्वी जयसवाल, अक्षर पटेल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, सौरभ चौहान, मयंक अग्रवाल, उमेश यादव, राहुल त्रिपाठी, सुमित कुमार, अजमतउल्लाह उमरजई, जयदेव उनादकट, शाहरुख खान और दर्शन नालकंडे एक-एक छक्का लगाते हुए निचले पायदान पर है।

# ईरान पर स्ट्राइक करेगा इजराइल

## दावा- ये घातक हमला नहीं होगा, अमेरिका को भी इसकी जानकारी नहीं दी जाएगी

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान ने 13 अप्रैल को देर रात 300 मिसाइल और ड्रोन के साथ इजराइल पर हमला कर सीरिया में उनके दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया। इसके बाद से इजराइल की जवाबी कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। नेतन्याहू अब तक 5 बार वॉर कैबिनेट की मीटिंग कर चुके हैं।
इसमें तय किया गया कि इजराइल जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा। हालांकि, अब तक यह नहीं बताया गया है कि हमला कब और कैसे किया जाएगा।
सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की वॉर कैबिनेट में ईरान के खिलाफ बनाया गया मिलिट्री प्लान देखा गया और उस पर चर्चा हुई।
सदस्यों में इस बात को लेकर सहमति है कि इजराइल को जल्द जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। वॉर कैबिनेट ने उन डिप्लोमैटिक तरीकों पर भी चर्चा की, जिसके जरिए ईरान से बदला लिया जा सके। इस दौरान वॉर कैबिनेट के सदस्यों में तीखी बहस हुई।



इजराइली अधिकारियों के मुताबिक कैबिनेट के सदस्य बेनी गांट्ज ने सुझाव दिया कि ईरान पर हमला होना चाहिए। पर वो ऐसा नहीं हो जिसमें लोगों की जान जाए। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सऊदी और जॉर्डन ने इजराइल से अपील की है कि वो ईरान पर जवाबी हमला न करे। इससे पूरा इलाका जंग की भेंट चढ़ जाएगा।

### ईरान पर सीधी स्ट्राइक करेगा इजराइल

सीएनएन ने अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा है कि इजराइल बदला लेने के लिए ईरान पर स्ट्राइक करेगा। हालांकि, इसका असर ज्यादा नहीं होगा। अधिकारी ने बताया है कि अमेरिका चाहेगा की इजराइल जो भी एक्शन ले उसकी जानकारी हमें दे। ताकि ईरान के पलटवार से पहले हम अपने बचाव की तैयारी कर सकें। हालांकि, इसकी गारंटी नहीं है कि इजराइल हमें जानकारी देगा। इसकी वजह ये है कि इजराइल के एक्शन पर अमेरिका आपत्ति जता सकता है।

### जर्मनी की विदेश मंत्री इजराइल रवाना

ईरान के हमले के बाद जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक इजराइल के लिए रवाना हो गई हैं। वो दोनों देशों के बीच विवाद को सुलझाने की कोशिश करेंगी। बेयरबॉक ने कहा कि इस नाजुक समय में हम सबको मिलकर पूरे क्षेत्र में तनाव कम करने पर काम करना चाहिए। उन्होंने ईरान पर कहा कि वो आग में घी डालने का काम कर रहा है।

### पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति से बात की

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से बात की है। उन्होंने दोनों पक्षों से अपील की है कि वो मामले को और आगे ने बढ़ाएं।


### ब्रिटिश एयरलाइन ने अक्टूबर 2024 तक के लिए इजराइल की फ्लाइट सस्पेंड की

ब्रिटेन की बजट एयरलाइन ने अक्टूबर 2024 तक के लिए इजराइल जाने वाली फ्लाइट्स सस्पेंड कर दी हैं। जिन लोगों ने फ्लाइट बुक की थी उन्हें रिफंड भेजा जा रहा है।

## आर्थिक तंगहाली में भी पाकिस्तान ने बढ़ाए परमाणु हथियार

### अमेरिकी अधिकारी का खुलासा- भारत से विवाद के बीच न्यूक्लियर वेपन्स को मॉडर्नाइज किया

आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखा है।
इसका खुलासा अमेरिकी खुफिया अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने अमेरिकी कांग्रेस को ये जानकारी दी है। क्रूस के मुताबिक, पिछले साल भारत के साथ बढ़ते विवाद के बीच पाकिस्तान ने अपने न्यूक्लियर वेपन्स को मॉडर्नाइज किया।
उन्होंने ये भी बताया कि पाकिस्तान ने अपने न्यूक्लियर मैटिरियल और उसके कमांड और कंट्रोल की सिक्योरिटी को भी बढ़ाया है। अक्टूबर 2023 में, पाकिस्तान ने मध्यम दूरी की अबाबील बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया



था, जिसकी रेंज 2200 किलोमीटर थी। अभी कुछ दिन पहले ही एक सीनियर परमाणु वैज्ञानिक और लेफ्टिनेंट जनरल किदवई ने भारत को धमकी दी थी।
उन्होंने इस्लामाबाद के इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटजिक स्टडीज में अपने संबोधन के दौरान कहा था कि पाकिस्तान का परमाणू कार्यक्रम भारत पर केन्द्रित है।
पाकिस्तान के न्यूक्लियर हथियार मॉडर्नाइज करने की जानकारी उस वक्त आई है, जब पाकिस्तान की नई बनी सरकार ने आईएमएफ से एक और बेल आउट पैकेज की मांग की है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब अभी वॉशिंगटन में हैं। वो यहां अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से नए लोन पैकेज पर बात कर रहे हैं।
इससे पहले अमेरिका के न्यूक्लियर वैज्ञानिकों ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि पाकिस्तान के पास फिलहाल 170 परमाणु हथियार हैं। जो 2025 तक 200 के पार जा सकते हैं। रिपोर्ट को 2023 पाकिस्तान न्यूक्लियर हैंडबुक नाम दिया गया है।

### संरा ने सूडान में जारी हिंसा को समाप्त करने का किया आह्वान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में लंबे समय से जारी हिंसा को समाप्त करने की अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग की है। नरसंहार रोकथाम पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष सलाहकार ऐलिस नेडेरिटु ने यहां जारी बयान में सूडान में जारी संघर्ष को पूरा एक साल हो गया है। इस दौरान यहां के लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों के लिए यह समय भयावह रहा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सूडान में संघर्ष को खत्म करने का आह्वान किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस संघर्ष में भयावह मानवीय संकट गहरा रहा है। यहां लोकतंत्र और स्थिरता की दिशा की ओर बढ़ाए गये कदमों को रोक दिया गया है। सूडान में हिंसा की घटनाओं में अब तक 14 हजार से अधिक लोगों की जानें जा चुकी हैं और हजारों घायल हुए हैं।

### इज़रायल पर सभी मोर्चों के बावजूद आईडीएफ के मानवीय प्रयास जारी


गाजा। इजरायल सुरक्षा बल (आईडीएफ) के उत्तरी गाजा क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों के समन्वयक (सीओजीएटी) के माध्यम से दो और बेकरियां खोलना, बानी सुहेला जल पाइपलाइन पर काम करना और 126 ट्रकों को स्थानांतरित करने के मानवीय प्रयास जारी है। आईडीएफ, क्षेत्रों में सीओजीएटी के माध्यम से, गाजा के निवासियों के लिए खाद्य आपूर्ति और मानवीय सहायता ले जाने वाले सैकड़ों ट्रकों के दैनिक मार्ग को सक्षम करने के प्रयास को जारी रखे हुए है। आईडीएफ के अनुसार, पिछले दो दिनों में, 553 सहायता ट्रक पूरी तरह से सुरक्षा जांच के बाद केरेम शालोम और नित्ज़ाना क्रॉसिंग से गुज़रे। इसके अतिरिक्त सोमवार लगभग 56 खाद्य पैकेज पूरे गाजा पट्टी में वितरण बिंदुओं पर गिराए गए। आईडीएफ ने इसके अलावा, उत्तर में सहायता मार्गों को बढ़ाने के हिस्से के रूप में, कल रात दक्षिणी से उत्तरी गाजा पट्टी तक 126 ट्रकों का समन्वय किया गया। इसके अतिरिक्त, केरेम शालोम क्रॉसिंग पर सुरक्षा बलों द्वारा कठोर सुरक्षा निरीक्षण के बाद, आईडीएफ सैनिकों के साथ कई ट्रक, उत्तरी क्रॉसिंग के माध्यम से प्रवेश किए। इसके साथ-साथ, खान यूनिस क्षेत्र में बानी सुहैला जल पाइपलाइन की मरम्मत पर काम जारी रहा। आने वाले दिनों में पानी की पाइपलाइन खुलने की उम्मीद है और इससे क्षेत्र के लगभग 400,000 लोगों को पानी की आपूर्ति बढ़ जाएगी।

### चर्च पर चाकूबाजी को आतंकवादी कृत्य करार दिया

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस के आयुक्त रीस केरशॉ ने मंगलवार को कहा कि सिडनी में सोमवार को असीरियन ऑर्थोडॉक्स चर्च में हुई चाकूबाजी को संभावित धार्मिक उद्देश्यों से आतंकवादी कृत्य करार दिया। सिडनी में कल एक चर्च में सेवा के दौरान असीरियन ऑर्थोडॉक्स बिशप मार मारी इमैनुएल पर चाकू से एक व्यक्ति ने हमला किया। पुलिस ने कहा कि हमले में बिशप और चार अन्य घायल हो गए तथा कथित अपराधी को हिरासत में ले लिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने बताया कि इस हमले से सिडनी की सड़कों पर दंगे भड़क उठे, जिसमें कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि सिडनी में एक चर्च में प्रार्थना के दौरान एक बिशप और पादरी पर चाकू से किये गये हमले के कारण वहां मौजूद और ऑनलाइन प्रार्थना देख रहे लोग सकते में आ गए। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है। आयुक्त ने संवाददाताओं से कहा, हम पुष्टि कर सकते हैं कि इस घटना को आतंकवादी हमला कृत्य माना जा रहा है और घटना का अंजाम देने वाले 16 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला अब एनएसडब्ल्यू (न्यू साउथ वेल्स) के संयुक्त आतंकवाद निरोधी टीम द्वारा जांच के अधीन है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं।

### इज़रायल की गोलीबारी में दो फ़िलिस्तीनियों की हत्या

रामल्ला। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने सोमवार को चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि मारे



गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुयी है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशिंदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर हमला किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। इज़रायली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी जारी नहीं की है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गत सात अक्टूबर को गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद से, वेस्ट बैंक में इजरायलियों द्वारा 468 फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है, जबकि 4,800 से अधिक अन्य घायल हुए हैं।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# सर्राफा व्यवसाई की गोली मारकर हत्या

## पुल की रेलिंग पर लटका मिला शव, गहन छानबीन में जुटी पुलिस

संवाददाता। गौरवशाली भारत

गोण्डा। जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में एक सर्राफा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने घटना को अंजाम देने के बाद उसका शव चमदई नदी के पुल की रेलिंग पर लटका दिया और फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की गहन जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं हत्या की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर सर्राफा व्यवसायी की बाईक खड़ी मिली है,जबकि शव के पास से एक तमंचा भी बरामद किया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बनकटवा गांव का रहने वाला संजय सोनी उम्र करीब 36 वर्ष जो वजीरगंज थाना क्षेत्र के तुर्काडीहा बाबा कुटी पर सर्राफा की दुकान करता था। यहीं पर उसने अपना घर भी बना रखा था। सोमवार की शाम को दुकान बंद करने के बाद वह अपने पैतृक गांव बनकटवा जाने के लिए घर से निकला था। झिलाही- वजीरगंज मार्ग पर स्थित चमदई नदी के पास अज्ञात बदमाशों ने संजय की गोली मारकर हत्या कर दी और उसका शव पुल की रेलिंग से लटका कर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह राहगीरों ने पुल की रेलिंग पर सर्राफा कारोबारी का शव लटकता देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी जानकारी कारोबारी के परिजनों को दी।

परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को रेलिंग से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर क्षेत्राधिकारी भी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मृतक संजय की बाइक पुल पर खड़ी मिली है जबकि उसी के बगल एक तमंचा भी पड़ा हुआ मिला है। पुलिस पूरे घटना की गहन जांच पड़ताल में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# योग से मेरे जीवन में बदलाव आया : समायरा संधू

मुंबई (अनिल बेदाग)। खूबसूरत अभिनेत्री समायरा संधू ने हाल ही में योग के उनके जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में खुलासा किया है। विभिन्न परियोजनाओं में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली बहुमुखी अभिनेत्री ने योग के साथ अपनी यात्रा साझा की और बताया कि यह कैसे उनकी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन गया है। एक स्पष्ट बातचीत में, समायरा ने खुलासा किया, मैंने 2022 में एक प्रसिद्ध योग गुरु के साथ उन्नत योग सीखना शुरू किया। हालांकि मैं बचपन से ही अपनी मां के साथ बुनियादी योग का अभ्यास कर रही हूं, क्योंकि वह मुझे इसके लिए प्रोत्साहित करती थीं। हालांकि, मैंने इसे सीख लिया। केवल पिछले दो वर्षों में बहुत गंभीरता से। योग के प्रति उनका समर्पण केवल शारीरिक फिटनेस से परे समग्र कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समायरा ने इस बात पर जोर दिया कि



उनके लिए योग महज व्यायाम दिनचर्या से परे है। उन्होंने बताया, मैं जिम से ज्यादा योग में विश्वास करती हूं क्योंकि यह सिर्फ शारीरिक सेहत के बारे में नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक सेहत भी शामिल है। जब मैं योग का अभ्यास करती हूं तो मैं बहुत ऊर्जावान और फिट महसूस करती हूं। स्वास्थ्य के प्रति यह समग्र दृष्टिकोण एक अभिनेत्री के रूप में उनकी व्यस्त जीवनशैली से मेल खाता है, जहां निरंतर यात्रा और काम के दबाव के बीच संतुलन बनाए रखना सर्वोपरि है।

# शार्ट न्यूज

## पटाखे की अवैध फैक्ट्री पे पुलिस का छापा, अवैध बारूद के साथ दो गिरफ्तार



सोनभद्र। रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र में गिरिया गांव मे पटाखे की अवैध फैक्ट्री का पुलिस ने खुलासा किया है। इसको संचालित करने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में पटाखा और निर्माण सामग्री बरामद की गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के साथ अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की तरफ से लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत रामपुर बररकोनिया पुलिस की टीम को मुखबिर द्वारा सोमवार को सूचना मिली कि गिरिया ग्राम पंचायत अंतर्गत टोला मंठहवा स्थित एक कच्चे खपरैल के मकान में अवैध तरीके से पटाखा फैक्ट्री संचालित किए जा रहा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छापेमारी की तो वहां हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद मिले दो व्यक्तियों जाबिद अली उर्फ मोनू और खुर्शीद अली पुत्र स्व. मु. लतीफ निवासी गिरिया टोला मंठहवा, थाना रामपुर बरकोनिया को गिरफ्तार करने के साथ ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री और निर्मित पटाखे को कब्जे में लिया गया। मामले में धारा 5/9(ख) विस्फोटक अधिनियम 1984 के तहत मामला दर्ज करते हुए पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

## प्रतियोगी परीक्षा में सफल प्रतिभागी प्रमाणपत्र व पुरुस्कार से सम्मानित

संवाददाता। गौरवशाली भारत



कर्नलगंज,गोण्डा। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बसेहिया के धौरहरा में सचेतन शिक्षा कौशल व विधिक सहायता ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को पुरूस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष माया देवी ने व संचालन अजय गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश पाठक द्वारा जीवन में शिक्षा, कार्य कुशलता के साथ तकनीकी ज्ञान के सदुपयोग व उसके महत्व को बताया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष माया देवी, अजय गुप्ता, अभय गुप्ता, विमल गुप्ता, उमेश पाठक, एडवोकेट दिनेश श्रीवास्तव एवं सतीश आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।

## पेड़ से टकराकर पलटा ट्रैक्टर,चालक की मौत

संवाददाता। गौरवशाली भारत



कर्नलगंज,गोण्डा। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गोण्डा-लखनऊ हाइवे स्थित कादीपुर के पास किसी वाहन को बचाने के चक्कर में एक ट्रैक्टर पेड़ से टकराकर पलट गया,जिससे ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत नाज़ुक होने के नाते वहां डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोण्डा ले जाने की सलाह दी गई। जिसे नाजुक हालत में थाने पर तैनात ग्राम प्रहरी अमन सिंह के सहयोग से गोण्डा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सीतापुर जिले का रहने वाला बताया जा रहा है,जो ट्रैक्टर को लेकर मनकापुर जा रहा था। दुर्घटना की सूचना पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई है।

## तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना ने अरनमनई 4 के गाने अचाचो में तापमान बढ़ाया

मुंबई (अनिल बेदाग)। पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया और वर्सेटाइल पावरहाउस एक्ट्रेस राशि खन्ना की आगामी फिल्म अरनमलाई 4 के मेकर्स ने हाल ही में अचाचो, एक प्रमोशनल वीडियो सॉन्ग रिलीज़ किया है। एक्ट्रेसेस को इस फुट टैपिंग, अपबीट नंबर पर कुछ सेंसुअल मूव्स करते हुए देखा जा सकता है। तमन्ना,



जिन्होंने जेलर के कावाला गाने से दर्शकों का दिल जीता है, ने अपने ओम्फ फैक्टर के साथ अचाचो को अपने शानदार डांस स्टेप्स से एक लवेल ऊंचा उठाया है और इस एनरजेटिक ट्रैक में अपनी हॉटनेस का तड़का लगाया है। दूसरी ओर, राशी इस गाने में अपने सिग्नेचर ग्रेसफुल मूव्स जोड़ती हैं और ग्लैमर का तड़का लगाती है। अचाचो फैंस को फिल्म की एक झलक भी देता है और यह भी बताता है कि वे इस हॉरर-कॉमेडी मनोरंजक फिल्म से क्या उम्मीद कर सकते हैं। जल्द ही एक चार्टबस्टर बनने जा रहा अचाचो हिपहॉप तमिझा द्वारा रचित है, जिसमें प्रतिभाशाली खरेस्मा रविचंद्रन ने अपनी आवाज दी है। गाने को विग्नेश श्रीकांत ने लिखा है और कोरियोग्राफ बृंदा मास्टर ने किया है। तमन्ना और राशि के अलावा, अरनमनई 4 में सुंदर सी, योगी बाबू, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश और कोवई सरला प्रमुख भूमिकाओं में हैं। करियर के मोर्चे पर, तमन्ना के पास निखिल आडवाणी की वेदा और हिंदी में नीरज पांडे की आगामी फिल्म और तेलुगु में ओडेला 2 है।


## मॉडर्न डेज लव स्टोरी है फ़िल्म प्यार के दो नाम

मुंबई (अनिल बेदाग)। बॉलीवुड फिल्मों में प्रेम कहानी दर्शकों का सबसे पसंदीदा जॉनर रहा हैं। फिल्मों में प्यार को अनगिनत बार नई कहानियों से परिभाषित किया जाता रहा हैं। रिलायंस एंटरटेनमेंट की आने वाली फ़िल्म प्यार के दो नाम भी एक मॉडर्न डेज लव स्टोरी है। फ़िल्म एक दूजे के लिए या एक दूसरे के साथ इस टैग लाइन पर आधारित हैं। इश्क़ सुभानअल्लाह, सूफियाना प्यार मेरा एवं सन्यासी मेरा नाम जैसे रोमांटिक सीरियल एवं फिल्मों के लेखक दानिश जावेद द्वारा निर्देशित फ़िल्म प्यार के दो नाम आधुनिक प्रेम कहानी हैं जो युवाओं के बीच में प्यार को लेकर आधुनिक सोच, एक दूजे के लिए या एक दूसरे के साथ' पर बहुत ही इमोशनल तरीके से प्रस्तुत करती हैं । फ़िल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है फ़िल्म के पोस्टर में मुख्य कलाकार भव्या सचदेव , अंकिता साहू के साथ कनिका गौतम, अचल टंकवाल नज़र आ रहे हैं और साथ ही बैकग्राउंड में एक तरफ महात्मा गांधी और दूसरी तरफ़ नेल्सन मंडेला को देख सकते हैं । रिलायंस एंटरटेनमेंट और जोकुलर एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की फ़िल्म प्यार के दो नाम में मुख्य भूमिका में भव्या सचदेव , अंकिता साहू के साथ कनिका गौतम, अचल टंकवाल , दीप्ति मिश्रा , नमिता लाल प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएँगे । फ़िल्म के निर्माता विजय गोयल और दानिश जावेद है और सह निर्माता शहाब इलाहाबादी हैं। फ़िल्म के लेखक निर्देशक दानिश जावेद है और इस प्यारी से लव स्टोरी का संगीत अंजन भट्टाचार्य और शब्बीर अहमद ने तैयार किया है और गीतों को दानिश जावेद और वसीम बरेलवी ने लिखा हैं ।

# डेनवर ने शाहरुख खान के साथ नया ऐड कैंपेन लॉन्च किया

मुंबई (अनिल बेदाग)। भारत के प्रतिष्ठित मेंस ब्रैंड डेनवर ने मेगास्टार और ब्रैंड एंबेसेडर शाहरुख खान के साथ अपने नए ऐड कैंपेन को लॉन्च किया है। एक ऐसे युग में, जहां सफलता अक्सर सिद्धांतों और मूल्यों पर हावी हो जाती है, यह कैंपेन लोगों को उनके व्यक्तित्व में नया बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है और सफलता को केवल उपलब्धि न मानकर इसे फिर से परिभाषित करता है। ब्रैंड फिल्म एकदम सरल शब्दों में जबर्दस्त ढंग से अपना संदेश लोगों तक पहुंचाती है।

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को प्रमुख रूप से ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम्स और सफलता का सच्चा प्रतीक माना जाता है। उन-?होंने अपनी पहचान खुद बनाई है। वह एक संभ्रांत परिवार से है, उन्होंने सफलता के प्रतिमानों को फिर से परिभाषित किया है। विनम्रता और सहानुभूति के प्रतीक




के रूप में यह पूरी ऐड फिल्म शाहरुख खान के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म लोगों के सामाजिक दर्जे की परवाह किए बिना सभी लोगों से समान तरीके से व्यवहार करने के महत्व पर जोर देती है।

शाहरुख अपने एक डायलॉग, इंसान छोटा या बड़ा अपनी सोच से होता है। किसी व्यक्ति की सोच से समाज में उसकी जगह तय होती है।

# ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, द्वारका पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा हुआ पिक्सक्लूसिव 9.0

**नई दिल्ली।** ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, द्वारका में 16 अप्रैल 2024 को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा हुआ, नोवा फोटोग्राफी प्रदर्शन पिक्सक्लूसिव 9.0 इस वार्षिकउत्सव पिक्सक्लूसिव 9.0 में डॉ.आशीष कौल, सीईऑ-हीरो, श्री. रिंकू बिष्ट, कंटेंट क्रेटर, श्री. दीपांशु सहगल, कंटेंट क्रेटर,श्री.सुन्दरम सिंह राजपूत,कंटेंट क्रेटर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे है।

कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रो.(डॉ.) आशुतोष अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें उन्होंनेकार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही विभिन्न-विभिन्न राज्य और महाविद्यालय से आए हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में 20 से अधिक कॉलेजों के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग




लिया। कार्यक्रम में छात्रों ने प्रदर्शनी देखने के अलावा ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता, ऑनलाइन रील मे किंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न विविध प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धी भावना के साथ भाग लिया। जिसके बाद सभी आयोजनों का मूल्यांकन उद्योग जगत के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। माननीय अध्यक्ष, डॉ. आर. के. टंडन, केद्वारा सभा में उपस्थित अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन किया और फ्रेम्स सोसाइटीको कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। अध्यक्ष, डॉ.आर. के. टंडन, केद्वारा मुख्या अतिथि डॉ.आशीष कौल को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। डॉ.रीमा टंडन उपाध्यक्ष,टिप्स द्वारा श्री. दीपांशु सहगल को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) आशुतोष अग्रवाल द्वारा अध्यक्ष डॉ. आर. के. टंडनको स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) आशुतोष अग्रवाल द्वारा,श्री.रिंकू बिष्ट, कंटेंट क्रेटर, श्री. सुन्दरम सिंह राजपूत, कंटेंट क्रेटर को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। प्रोफेसर (डॉ.) शशि बाला, प्रिंसिपल लॉ द्वारा डॉ. रीमा टंडन उपाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। डॉ.आशीष कौल, मुख्या अतिथि द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई देते हुए उन्होंने टेक्नोलॉजी, मीडिया, एनीमेशन आदि पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन सत्र में ट्रिनिटी, द्वारका के अध्यक्ष डॉ. आर.के. टंडन, डॉ. रीमा टंडन उपाध्यक्ष एवं डॉ.आशीष कौल द्वाराविभिन्न-विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र,गिफ्ट्स एवं तीस हज़ारकी वित्तीय राशि से सम्मानित किया गया।

# लव कुश रामलीला कमेटी द्वारा रामनवमी के उपलक्ष में मनोहरी भव्य राम जन्म की लीला संपन्न

दिल्ली। लव कुश रामलीला कमेटी द्वारा रामनवमी की पूर्व संध्या पर नेशनल क्लब फतेहपुरी चांदनी चौक दिल्ली में रिद्धि सिद्धि के देवता महाराज गजानंद की वंदना के पश्चात मनोहरी राम जन्म की लीला का आयोजन किया गया। कमेटी के प्रेसीडेंट अर्जुन कुमार के अनुसार यहां हजारों राम भक्तो की उपस्थिति में श्री राम जन्म का उत्सव बहुत ही उत्साह उमंग के साथ मनाया गया यहां भव्य मंच पर राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, महाराज दशरथ और उनकी तीनों रानियां कौशल्या, केकई, सुमित्रा पर पुष्प वर्षा करने के बाद मिठाई का वितरण कर राम जन्म की खुशी मनाई गई। कमेटी




के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने यह भी बताया आज प्रभु श्री राम की लीला मंचन का मुख्य उद्देश्य प्रभु श्री राम के कार्य, आदर्श, मर्यादा, प्रेरणा, शिक्षा, दीक्षा, त्याग, भाई प्रेम से अपनी युवा पीढ़ी में संस्कार एवं अपनी संस्कृति से अवगत कराना है।

लीला के अंत में पूरे विधि विधान, वैदिक मंत्रो, विद्वान पंडितो द्वारा ढोल, शंख, मृदंग, डमरू घड़ियाल, ताशा, नफिरी, शहनाई, हर्ष ध्वनि द्वारा प्रभु श्री राम की चरण वंदना की गई कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल ने बताया कि इस अवसर पर एक सौ एक कन्याओं का पूजन में कन्याओं को स्कूल बैग, स्टेशनरी, माता की चुन्नी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी, राम भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर कमेटी के पदाधिकारी राजकुमार गुप्ता, प्रवीण सिंगल, मदन अग्रवाल, अशोक कटारिया, दीनानाथ सोनकर, लोकेश बंसल, राजकुमार कश्यप, गोपाल गर्ग, मानसी अरोड़ा, सुधीर झा के साथ धर्म प्रेमी, राम भक्तों ने लीला का अवलोकन किया।

# न्यूरो डायवर्जेंट व्यक्तियों को सपोर्ट करने की आवश्यकता

मुंबई (अनिल बेदाग)। प्रतिभाशाली एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा न सिर्फ ऑन-स्क्रीन बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी दिल जीत रही हैं। इस ऑटिज्म महीने में, एक्ट्रेस ने हाल ही में न्यूरो डायवर्जेंट व्यक्तियों के लिए एक स्पेशल स्कूल सो-हम स्माइल्स के इनॉग्रेशन सेरेमनी में भाग लिया। यह स्कूल, जो एक एनजीओ द्वारा सपोर्ट किया गया है, न्यूरो डायवर्जेंट लोगों की देखभाल और सपोर्ट देता है।

अपनी उपस्थिति से, सान्या ने स्कूल के इस नोबल कॉज में अपना समर्थन बढ़ाया। उनका मानना है कि स्कूल सिर्फ एक थेरेपी सेंटर से कहीं ज़्यादा है क्योंकि यह समावेशिता, सशक्तिकरण और दया के नज़रिये का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, मैं वास्तव में खुश हूं कि यह सेंटर खुल रहा है, जो न्यूरोडिवर्जेंट व्यक्तियों को सपोर्ट करने के लिए समय की आवश्यकता है।

इन लोगों के लिए लाइफ स्किल्स और इंडिपेंडेंट लिविंग पर केंद्रित एक स्ट्रक्चर्ड लेकिन फ्लेक्सिबल लर्निंग माहौल ढूंढना महत्वपूर्ण है। न सिर्फ इन बच्चों के लिए, बल्कि समाज में इन बच्चों और बड़ों के लिए स्वीकार्यता और जगह पाना भी अनिवार्य है। मुझे यकीन है कि सेंटर असंख्य जिंदगियों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

## विचारों की भी होती है मौत



डॉ नन्दकिशोर साह

प्रत्येक दिन दिमाग में 6,000 विचार आते हैं, इनमें 80 प्रतिशत नकारात्मक होते हैं। इन नकारात्मक विचारों से दूर रहने के लिए प्रतिदिन योग व ध्यान करना जरूरी है। चेतन मन के सकारात्मक विचारों को तुरंत लिख लेना चाहिए। इसके लिए आप अपने पास पेन और डायरी हमेशा पास रखें। गूगल कीप एप में भी विचार लिख सकते हैं। सकारात्मक विचार वास्तव में आपके जीवन में वास्तविक मूल्य पैदा कर सकते हैं और आपको ऐसे कौशल बनाने में मदद कर सकते हैं, जो मुस्कुराहट से कहीं अधिक समय तक टिके रहते हैं। अपने विचारों से सावधान रहें, क्योंकि आपके विचार ही आपके शब्द बन जाते हैं। आपके शब्द ही आपके कार्य बन जाते हैं। यह कार्य ही आपकी आदत बन जाती हैं।आपकी आदतें ही आपका चरित्र बनाती हैं। याद रखें कि विचारों की भी मौत होती है, इसलिए विचार आते ही उन्हें लिख लें, वरना आप उन्हें भूल जाएँगे। आप किस क्षेत्र में कितने सफल होते हैं, यह आपके चेतन मन द्वारा बनाए गए लक्ष्यों पर निर्भर करता है। दिमाग को अवचेतन अवस्था में भी समय की स्मृति रहता है। हमें न सिर्फ अपने पास मौजूद सारे दिमाग का इस्तेमाल करना चाहिए, बल्कि उसका भी इस्तेमाल करना चाहिए, जिसे हम उधार ले सकते हैं। लक्ष्य की दिशा में नवाचार करने के लिए आपको बस इतना करना है कि आप अपने चेतन मन को अपने लक्ष्य से भर लें, ताकि आपका अवचेतन मन उस तक पहुँचने के नए-नए तरीके सोचकर आपको बता सके। गूगल मैप की तरह ही जब आप अपने अवचेतन मन पर अपना लक्ष्य अंकित कर देते हैं, तो यह अपने आप उस लक्ष्य तक पहुँचने के कई रास्ते खोज लेता है और आपको सबसे अच्छे रास्ते पर ले जाता है। अवचेतन मन आपको घटनाओं, स्वप्न या किसी अन्य माध्यम से संकेत भेजता है कि आपको किस दिशा में जाना है। अवचेतन मन सिर्फ़ साहित्यिक क्षेत्र में ही मदद नहीं करता है। यह वैज्ञानिक क्षेत्र में भी इतना ही मददगार होता है। जब चेतन मन किसी प्रबल विचार से पूरी तरह भर जाता है, तो अवचेतन मन सक्रिय होकर समस्या को सुलझा देता है। शर्त यह है कि आपको चेतन मन को प्रबल विचार से भरना होगा।

## प्रयागराज में 25 मई से मुबंई के लिये उड़ान भरेगी एयर अकासा

प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज में विमानन कंपनी एयर अकासा ने अपनी विमान सेवा शुरु करने का फैसला किया है। यह विमान सेवा 25 मई से मुबंई के लिये शुरु हो सकती है। एयर अकासा ने अपनी वेबसाइट में प्रयागराज को प्रणाम करते हुए कहा है कि प्रयागराज-मुंबई उड़ान 25 मई से शुरू हो जायेगी। अभी यह तय हुआ है कि इसका संचालन सप्ताह में रविवार को छोड़कर छह दिन होगा। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि नागर विमान निदेशालय (डीजीसीए) भी अकासा एयर को प्रयागराज से मुंबई, प्रयागराज से दिल्ली और प्रयागराज से बेंगलुरु विमान संचालन की अनुमति दे चुका है ।अकासा ने अपनी वेबसाइट पर विमान शुरू होने की जानकारी दी है। उसकी वेबसाइट के होम पेज पर लिखा है प्रणाम प्रयागराज। होम पेज पर कुंभ मेले की अद्भुत छटा के संगम का दृश्य भी दिखाया गया है। अकासा एयर ने उड़ान की समय सारिणी भी जारी की है । प्रयागराज में 40 मिनट के अंतराल में दो विमान उपलब्ध रहेंगे।

# मतदाता जागरूकता के लिए महिला शिक्षिकाओं ने निकाली स्कूटी रैली

सोनभद्र। जिले में लोकसभा चुनाव अंतिम चरण में 1 जून को होना प्रस्तावित है। प्रशासन द्वारा चुनाव में मतदाताओं को वोट डालने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी तत्क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सोनभद्र महिला संवर्ग के द्वारा महिला मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिला शिक्षिकाओं ने स्कूटी रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के तहत स्कूटी रैली को जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जिला कलेक्ट्रेट के परिसर से शुरू होकर उरमौरा चौक होते हुए बढ़ौली चौक, सिविल लाइन से होते हुए महिला थाने से बाजार में चलते हुए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के मैदान में आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने सभी महिला मतदाताओं, शिक्षिकाओं, रैली प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ



दिलाई। इसके आगे कहा कि यह भारत का सबसे बड़ा पर्व है। मतदाताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग करें। साथ ही दूसरे मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार , जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, डायट प्राचार्य प्रकाश सिंह, बीएसए नवीन कुमार पाठक एवं खंड शिक्षा अधिकारी अशोक सिंह, धनंजय सिंह ,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महिला संवर्ग की जिला अध्यक्ष साधना सारंग , जिला उपाध्यक्ष ममता पाण्डेय, जिला महामंत्री शशिबाला सिंह, जिला मंत्री मेघा सौनकिया, अनामिका आंचल, ममता सिंह, संध्या, रोली श्रीवास्तव, वर्तिका पटेल, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल अध्यक्ष अखिलेश वत्स , जिला अध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी, महामंत्री इंदुप्रकाश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ कार्तिकेय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शीतल दहलान, उपाध्यक्ष डा.बृजेश कुमार सिंह, महामंत्री इंदुप्रकाश सिंह, संयुक्त महामंत्री रविकांत सिंह, संगठन मंत्री गणेश पाण्डेय जिला मंत्री देवेंद्र गंगवार, आनन्द देव पाण्डेय , कमलेश विश्वकर्मा ,कमलेश गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष नगवां दिलीप पाठक, प्राथमिक शिक्षक संघ अखिलेश सिंह गुंजन , महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष कौशर जहां सिद्दकी आदि शिक्षक मौजूद रहे।